जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, गुरुवार 30 जून, 2022

66 वर्षों का विश्वास

SINCE ओसवाल 1956 OSWAL SOAP GROUP

हर रिश्ते का रखे ख्याल...

## शुद्ध, सेहतमंद और बेहतरीन स्वाद
## हमारी परम्परा, हमारी पहचान




धनिया पाउडर    मिर्ची पाउडर    हल्दी पाउडर

ओसवाल मसाले देते हैं स्वाद और सुगंध के साथ शुद्धता का पूरा भरोसा। इन मसालों को उच्च क्वालिटी और मानकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, साथ ही ये एगमार्क प्रमाणित भी है, जिससे आपको मिले बिना मिलावट 100% शुद्ध मसाले।

**100g, 200g, 500g एवं 1kg के पैक में उपलब्ध**

## ओसवाल है, तो शुद्धता की पूरी गारंटी है।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA

मसाले खरीदते समय एगमार्क का निशान ज़रूर देखें।





MercuryDesign.in

नकली माल से सावधान

ओसवाल सोप ग्रुप

अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें

विपणन :
उत्तम चंद देसराज

अब घर बैठे मँगवाएं ओसवाल उत्पाद

OswalSoap.com पर जाएं या स्कैन करें और **ओसवाल एप** डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# सुरक्षित आहार बेहतर स्वास्थ्य का आधार

सुरक्षित आहार हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ऊर्जा बढ़ाता है। शरीर के कार्यों के तरीके में सुधार करता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और वजन बढ़ने से रोकता है। स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ भोजन करना जरूरी है। स्वस्थ व्यक्ति वह है जो शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ और प्रसन्न है और जीवन का आनंद लेता है। पर्याप्त पोषण, पीने का सुरक्षित पानी, सफाई, निजी स्वच्छता, साफ पर्यावरण और स्वस्थ जीवनशैली अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्वस्थ और पौष्टिक भोजन के बिना कोई भी व्यक्ति जल्दी बीमार पड़ सकता है। कोरोना के दौरान हमने इस बात को भी बेहतर तरह से समझ लिया है कि संतुलित और सुरक्षित आहार का क्या महत्व है। पोषक तत्वों से परिपूर्ण सेहतमंद और सुरक्षित आहार के ज़रिए जीवन को स्वस्थ बनाया जा सकता है। साथ ही खाद्य उत्पादन को सुरक्षित और टिकाऊ बनाकर और बाज़ार तक पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास और ग़रीबी उन्मूलन में सहायता मिल सकती है। फल और सब्जियां स्वस्थ और संतुलित आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ताजे फल कई तरह के विटामिन, खनिज और पोषक तत्वों से भरे होते हैं और नियमित रूप से इनका सेवन करने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा मिल सकता है।

मानव जीवन के लिए खाद्य पदार्थों की सुरक्षा अति महत्वपूर्ण है। लोगों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का प्रकृति प्रदत अधिकार है। राज्य का दायित्व है कि प्रकृति की ओर से प्रदान किए गए अधिकारों का संरक्षण और संवर्धन करे। खाद्य सुरक्षा का अधिकार भी इसमें शामिल है।

सुरक्षित आहार को लेकर दुनियां में व्यापक हलचल मची है। यह आहार हमारी रसोई और आसपास मौजूद है। हम जंक फूड की ओर भाग रहे है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**आहार हमारे जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। जब तक आहार में पौष्टिक तत्व नहीं होंगे तब तक शरीर का विकास उचित प्रकार से नहीं होता है। हमारे देश में गरीबी एवं अज्ञानता के कारण भोजन में पौषक तत्वों की कमी रहती है। इन्ही कारणों से बच्चों में कुपोषण एवं वयस्कों में कई विकार उत्पन्न होते है।**

कोरोना महामारी ने हमारा ध्यान सुरक्षित आहार की ओर दिलाया है। हमारे पास मौजूद सुरक्षित आहार का समुचित उपयोग कर लेते तो किसी टॉनिक वगैरह पर अंधाधुंध पैसे बहाने की जरुरत ही नहीं पड़ती। कोरोना से ग्रस्त लोगों को बीमारी से उबरने के लिए पौष्टिक आहार की जरूरत पड़ती है। दूध, दही, पनीर, दाल, चना, राजमा, हरी सब्जी, सोयाबीन, फल, ड्राई फ्रूट्स, अंडा, मछली आदि प्रोटीन के अच्छे स्त्रोत होते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है की विश्व में हर साल लाखों लोगों की मौत सुरक्षित आहार न लेने की वजह से हो रही है। ये मौतें जागरूकता के अभाव में हो रही है जबकी दुनियां में सुरक्षित और पौष्टिक आहार की कोई कमी नहीं है।

गरीब और अमीर सभी वर्ग के लोग पौष्टिक और सुरक्षित आहार नहीं लेने से अकाल मृत्यु को प्राप्त हो रहे है जो बेहद चिंताजनक है। दुनिया में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन होने के बावजूद लोगों के लिए स्वास्थ्यपरक आहार आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इसके चलते प्रतिवर्ष 1.10 करोड़ लोगों की समयपूर्व मौत होने का अनुमान है। स्वास्थ्यकर भोजन अपनाने से इन मौतों को रोका जा सकता है। रिपोर्ट में 190 देशों के खान–पान के आंकड़े एकत्र किए गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार बीमारियों के 11 बड़े कारणों में खान–पान से जुड़ा खतरा सबसे बड़ा है।

कोरोना भी आज उसी खतरे में शामिल हो गया है। शिशु व गर्भवती महिलाओं में संक्रमण के समय में कुपोषण का स्तर नहीं बढ़े इसके लिए उनका खानपान बेहतर होना चाहिए। सुरक्षित आहार का गहरा संबंध शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता से है। मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता संक्रमण के जोखिम को कम करता है और यह कई प्रकार की संक्रामक व गैरसंक्रामक बीमारियों से बचाव करता है।

आहार हमारे जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। इससे हमें ऊर्जा मिलती है। जब तक आहार में पौष्टिक तत्व नहीं होंगे तब तक शरीर का विकास उचित प्रकार से नहीं होता है। आहार में पौष्टिक तत्व होने आवश्यक है जो शरीर का वद्धर्न करें। हमारे देश में गरीबी एवं अज्ञानता के कारण भोजन में पौषक तत्वों की कमी रहती है। इन्ही कारणों से बच्चों में कुपोषण एवं वयस्कों में कई विकार उत्पन्न होते है। आहार में कार्बोज, प्रोटीन, वसा, खनिज लवण एवं विटामिन विद्यमान हो तभी व्यक्ति की शारीरिक वृद्धि एवं विकास होगा। इस प्रकार के आहार में जल एवं फाइबर की भी पर्याप्त मात्रा होनी चाहिए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार भोजन में अनाज और दालों का अनुपात 5 और 1 होना चाहिए। लेकिन भारतीय आहार में भोजन का 60 प्रतिशत हिस्सा तो अनाज का होता है। अनाज भी प्रोटीन के अच्छे स्त्रोत हैं। लेकिन उनमें आवश्यक अमीनो एसिड नहीं होता हैं। मिथियोनीन नामक प्रोटीन दालों में मिलता है, जो विकास और ऊतकों की मरम्मत के लिए आवश्यक है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

## राशिफल गुरूवार 30 जून, 2022



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 1:07 तक, धुव्र योग प्रात: 9:50 तक, बव करण दिन 10:50 तक, चन्द्रमा सांय 6:23 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–मेष, बुध–वृष, गुरू–मीन, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन–रात रहेगा और अमृत सिद्धि, गुरू पुष्य योग रात्रि 1:07 से सूर्योदय तक है। आज चन्द्र दर्शन, श्रृंगोन्नति है। आज से गुप्त नवरात्र आरम्भ होंगे। आज मनोरथ द्वितीया (बंगाल में)।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:13 तक। चर 10:48 से 12:30 तक, लाभ–अमृत 12:30 से 3:55 तक, शुभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:21

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्य में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे और नये व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
व्यक्तिगत समस्याओं के कारण मानसिक तनाव रहेगा। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय ठुना रहेगा।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। उचित परामर्श मिलेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्य में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

# पुरानी बावड़ियों को 'भागीरथों' का इंतजार




विनोद पाठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में 'जल' और 'जल संरक्षण' की दिशा में हो रहे विशेष प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने सदियों पहले बनवाए गए स्टेप वेल्स (बावड़ियों) की विरासत का खासतौर पर जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने बताया, कैसे राजस्थान के उदयपुर की 'सुल्तान की बावड़ी' उपेक्षा के कारण धीरे–धीरे वीरान होती गई और कूड़े–कचरे के ढेर में तब्दील हो गई। कैसे कुछ युवाओं ने सुल्तान की बावड़ी की तस्वीर और तकदीर बदलने का संकल्प लिया तथा 'सुल्तान से सुर–तान' मिशन को अंजाम दिया। चार्टर्ड अकाउंटेंड इन युवाओं का प्रयास है कि अब सुल्तान की बावड़ी न केवल साफ हो गई है, बल्कि वहां सुर और संगीत का कार्यक्रम होता है। विदेशी भी इसे देखने आने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने केवल एक बावड़ी का जिक्र किया, लेकिन राजस्थान और गुजरात में आज भी सैकड़ों बावड़ियां हैं, जो 'भागीरथ' का इंतजार कर रही हैं।

दरअसल, बावड़ी एक गहरा कुआं अथवा बड़ा कुंड होता है, जिसमें पानी की सतह तक जाने के लिए सीढ़ियां बनी होती हैं। अंग्रेजी में इसे स्टेप वेल कहते हैं। प्राचीन शिलालेखों में बावड़ी के संस्कृत रूप वापी का उल्लेख प्रथम शताब्दी में मिलता है। आमतौर पर बावड़ी में देवी–देवताओं जैसे गणेश, हनुमान, दुर्गा, शिव–पार्वती, विष्णु, ब्रह्मा, भैरव, सरस्वती, वरुण आदि की मूर्तियों को दीवार, प्रवेश द्वार आदि पर स्थापित किया गया, ताकि जब भी कोई पानी भरने के लिए बावड़ी में आए तो पहले देवी–देवताओं को नमन कर उनका पूजन करे। बावड़ी परिसर में यात्रियों और भक्तों के विश्राम की सुविधाएं भी बनाई गईं। कई बावड़ियों में मंडप भी बने हैं, जिनमें गीत–संगीत के अलावा वैवाहिक कार्यक्रम भी आयोजित होते रहे हैं।

राजस्थान जैसे शुष्क क्षेत्र में आठवीं सदी के बाद बावड़ियों का निर्माण शुरू हुआ। राज्य के करीब–करीब सभी जिलों जयपुर, डूंगरपुर, करौली, बूंदी, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, टोंक, जोधपुर आदि में बावड़ियां और कुंड हैं और इनकी संख्या 3000 से अधिक है। बूंदी जिले में 70 से अधिक बावड़ियां हैं और बूंदी शहर को स्टेप वेल्स ऑफ सिटी के नाम से जाना जाता है। दौसा की चांद बावड़ी (आभानेरी), बूंदी की रानीजी की बावड़ी जैसे बावड़ियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन हैं और इन्हें हर वर्ष लाखों पर्यटक देखने आते हैं। हालांकि, सभी बावड़ियों की ऐसी किस्मत नहीं है।

आजादी के बाद कुछ बावड़ियों को केंद्र सरकार ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन ले लिया, लेकिन अधिकांश बावड़ी अपने हाल पर यूं ही छोड़ दी गईं। सरकार और समाज की उपेक्षा का शिकार कई बावड़ियां जर्जर हो चली हैं और वीरान पड़ी हैं। अब आजादी के अमृत महोत्सव में नरेंद्र मोदी सरकार ने जलस्त्रोतों की सुध लेने के लिए अमृत सरोवर योजना शुरू की है, जिसके तहत राजस्थान के जोधपुर की 403 साल पुरानी तापी बावड़ी का पुनरुद्धार शुरू हो गया है। बावड़ियों का कितना जन–जुड़ाव था, यह इस बात पता चलता है कि वर्ष 1618 में बनी तापी बावड़ी के लिए एक कहावत प्रचलित है, 'तापी बावड़ी अर निमलो की, नि देख्यो सो जीवता ई मुऔ' यानी तापी बावड़ी और निमला कुआं को नहीं देखा.. जाना..पहचाना...तो जिंदा होने के बाद भी मरा समान है। उनदिनों जोधपुर में आने वाले लोगों के लिए मुफ्त में ठहरने के स्थान के रूप में तापी बावड़ी एक उपयुक्त स्थान था। विडंबना यह है कि निर्माण के 404 साल में केवल दूसरी बात तापी बावड़ी की सुध ली गई है। इससे पहले तापी का वर्ष 1925–1926 में जीर्णोद्धार हुआ था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बावड़ियों के पुनरुद्धार की कहानी सुनाकर निश्चित ही लोगों को प्रेरित करने का काम किया है। सरकार की अमृत सरोवर योजना ने जर्जर और पुराने जलस्त्रोतों के पुनरुद्धार की नई उम्मीद जगाई है, लेकिन बिना समाज की जागरुकता के यह कार्य लगभग असंभव है, क्योंकि अभी एकबार तो सरकारी प्रयासों से जलस्त्रोत साफ हो जाएंगे, लेकिन भविष्य में इनका वैभव बना रहे, इसकी गारंटी समाज ही ले सकता है। सरकार को इन जलस्त्रोतों या बावड़ियों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर दे देना चाहिए या फिर सक्षम लोग इन्हें गोद ले सकते हैं, ताकि आगामी पीढ़ियां अपने पूर्वजों के महान कार्यों को देख सकें। देखना यह होगा कि प्रधानमंत्री की अपील कितना असर दिखाती है...।

**विनोद पाठक,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# टोडाभीम नगरपालिका में 18 माह में बदले आठ अधिशाषी अधिकारी

**टोडाभीम,** (निस)। कस्बे की पालिका के वार्ड 20 निवासी आप पार्टी के करौली जिला प्रभारी आशाराम मीना एवं वार्ड 18 के पार्षद शिब्बूराम मीना व वार्ड 19 के पार्षद कैलाश मीना ने बताया कि पिछले 18 माह से टोडाभीम पालिका में 8 अधिशाषी अधिकारियों के बदलने के बाद भी अधिशाषी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है परंतु संबंधित विभाग द्वारा अब तक अधिशाषी अधिकारी नहीं लगाया है । जिससे प्रशासन शहरों के संग अभियान में संचालित नवीन पट्टा फाइलें निर्माण स्वीकृति मोरगेज एनओसी फ्री होल्ड पट्टा आदि के कार्य अटके पड़े हैं। पालिका के अधिशाषी अधिकारी का चार्ज नगर परिषद करौली नरसीराम मीना के पास होने व उनके पालिका कार्यालय में नही बैठने के कारण आमजन को रोजाना पालिका के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा हैं।

पार्षद कैलाश मीना व शिब्बूराम मीना सहित आप पार्टी के करौली जिला प्रभारी आशाराम मीना ने बताया कि पालिका में प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत जारी किए गए लोगों के पट्टे अटके पड़े हैं साथ ही अधिशाषी अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण पालिका के द्वारा जारी किए गए पट्टे के पंजीयन प्रमाण पत्र का तहसील कार्यालय में पंजीयन नहीं हो पा रहा है। कई लोगों को ऋण लेने के लिए भी काफी समस्या उत्पन्न हो रही हैं। वही जन्म मृत्यु, नवीन राशन कार्ड का पंजीयन आदि के कार्य भी रुके पड़े हुए हैं। राज्य सरकार अगर पालिका में अधिशाषी अधिकारी के पद पर अधिकारी नियुक्त नहीं करती है तो पालिका क्षेत्र वासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आंदोलन किया जायेगा। पार्षद कैलाश मीना ने बताया कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री सहित डीएलबी को पत्र भेजकर अति शीघ्र पालिका टोडाभीम में अधिशाषी अधिकारी लगवाया जायेगा। कस्बे की पालिका में अधिशाषी अधिकारी के हालात यह हैं कि इस बोर्ड के 18 माह के कार्यकाल में अब तक 8 अधिशाषी आए और आकर चले गए। पालिका के अधिशाषी अधिकारी का कार्य नरसी लाल मीना देख रहे हैं।

# रक्तमणि कार्यक्रम 2481 दिनों से लगातार जारी

**कोटपूतली,** (निसं)। भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर 2015 से शुरू हुआ रक्तमणि कार्यक्रम 2481 दिनों से लगातार जारी है। रक्तमणि अभियान में बुधवार को राजकीय बी.डी.एम. ब्लड बैंक कोटपूतली में भाजयुमो जिला अलवर उत्तर के जिलामंत्री अजय गुर्जर पुत्र प्रकाश रावत ने अपने जन्मदिन पर मित्र हिमांशु चौधरी, ललित सराधना, दिनेश कुमार, कालू गुर्जर माजरा, प्रमोद गुर्जर, मनोज कुमार, धनवंत यादव, जग्गी गुर्जर, देवीसहाय गुर्जर, विक्रम सिंह, हितेश सिरोहीवाल, प्रमोद कुमार, हवासिंह चनेजा, धौलाराम चन्देला, राहुल पटेल, पिन्टू यादव, सुनिल कुमार सहित 27 युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया और गौरवशाली रक्तमणि बने।

इस अवसर पर रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल ने रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि जो रक्त आप दान करते हो वो किसी और को जिंदगी जीने का एक दूसरा मौका देता है। युवा नेता अजय गुर्जर ने अपने युवा साथियों से नियमित रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नही आती है बल्कि हमारा स्वास्थ्य मजबूत होता है। इस अवसर पर रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल, सीताराम रावत, महिपाल गुर्जर, रवि पंडित, संजय गुर्जर, राजेश रावत, सोनू यादव, बलवंत, नरेश, उमेश, सरजीत यादव, राहुल पटेल, निखिल, दारासिंह उपस्थित रहे।

# फायर ब्रिगेड को मिलेगी 14 करोड़ की हाइटैक मशीन

- **बड़ी-बड़ी इमारतों में भी आसानी से लोगों की जान बचा पाएगी टीम**
- **फिनलैंड की कंपनी को कार्यादेश जारी किया**

**अजमेर,** (कास)। शहर की बहुमंजिल ा इमारतों में भी आसानी से आग बुझाई जा सकेगी। इसके लि ए अग्निशमन के बेड़े में 14 करोड़ की ल ागत से तैयार करवाई गई एरियल हाइड्रोलि क प्ल ेटफार्म मशीन शामिल होगी। इसके लि ए फिनलैं ड की कंपनी को कार्यादेश जारी कर दिया गया है।

चीफ फायर ऑफिसर संजय शर्मा ने बताया कि इस मशीन की सहायता से 60 मीटर ऊंची इमारत पर भी आसानी से आग को बुझाया जा सकेगा। इस मशीन में नीचे की ओर हाइड्रोलि क प्ल ेटफार्म बना होता है, जो फायर के समय कार्मिकों को ल ेकर ऊपर की ओर जाता है। प्ल ेटफार्म होने से हादसे की आशंका भी नहीं रहती है। पिछल े ल ंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी।

यह मिल जाने के बाद अब ऊंची इमारतों में रेस्क्यू के दौरान होने वाल ी परेशानियों से निजात मिल जाएगी। संजय शर्मा ने बताया कि वर्तमान में अग्निश्मन बेडे ़में 32 वाहन है। इसमें 4 कंडम हो चुके है। 20 छोटी बड़ी गाड़ियां, 5 मोटरसाइकिल व 3 जीप है। वर्तमान में आग बुझाने के लि ए 10 मीटर ऊंची सीढ ी ही है। शहर का विस्तार हुआ है और काफी बहुमंजिल ा इमारत बन चुकी है। इसकी जरूरत को ल ेकर स्वायत्त शासन विभाग को लि खा गया और सरकार ने अब इसकी स्वीकृति देते हुए फिरनल ें ड की कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है।

# फिर लौटने लगा है दुनिया में गायब हुआ धर्म?



राजेन्द्र मोहन शर्मा

मनुष्य आदिकाल से किसी न किसी रूप में धर्म के किसी ने किसी स्वरूप पर प्रभाव को अपने जीवन से बांधे हुए है। इसी जुड़ाव के साथ वह अपने जीवन का अर्थ खोजने की कोशिश भी करता है। लेकिन धर्म है कि अपने विकास के साथ विकराल और बेकाबू होता चला गया नतीजा हम सब ने देखा है। धर्म के नाम पर पनपने वाले पाखंड और यूरोप में स्वर्ग जाने के सर्टिफिकेट भी बिकने लगे। बस यहीं से धर्म को लेकर पूरे विश्व में एक नाराजगी या यूं कहे धर्म के प्रति विमोह भी बढने लगा। आगे बढ़कर धर्म जब शोषण का हथियार बन गया तो धर्म के विरुद्ध बगावत की आवाज भी उठने लगी और लोगों ने धर्म के नाम पर होने वाले प्रखंडों को नकारते हुए सीधे–सीधे ईश्वर के अस्तित्व को ही नकार दिया।

बीसवीं सदी में साम्यवाद जमीन पर उतर आया और उसने सबसे पहले और करारी चोट धर्म को ही दी। धर्म को न केवल नकारा गया बल्कि समस्त धार्मिक क्रियाओं को प्रतीकों को मंदिरों को मस्जिदों और गिरजा घरों को ध्वस्त कर दिया गया। धर्म के नाम पर रोजी–रोटी कमाने वालों की बुरी हालत हो गई जिन देशों में साम्यवादी सरकारें थी वहां नई सरकारों के अस्तित्व के साथ ही धीरे धीरे धार्मिक व्यवस्थाओं का अनुरोध होने लगा है। आज रूस में चर्च फिर से खड़े होने लगे हैं पुराने पूजा घरों को साफ कर नए तरीके से चमकाया जा रहा है। कहने को तो चीन आज भी अपने आप को कम्युनिस्ट देश घोषित किए हुए हैं लेकिन चीन में धर्म के आधार पर अधिकांश लोग अपने आपको किसी ने किसी धर्म के साथ न केवल जोड़े हुए हैं बल्कि अपने जीवन पद्धति और व्यवहार में भी धार्मिक क्रियाओं का अनुसरण करते हैं।

तो क्या यह मान लिया जाए कि पूरी दुनिया में धर्म के बिना काम नहीं चल सकता कुछ हद तक यह बात सही प्रतीत होती है। क्योंकि मनुष्य को नहीं पता के इस अखिल ब्रह्मांड का संचालन कौन और कैसे करता है जीवन के अनंत रहस्य उसे ज्ञात नहीं है। बस यही से धर्म या यूं कहें ईश्वर के अस्तित्व या उसके मानने की व्यवस्था भी आगे बढ़ जाती है। अल्बानिया की कम्युनिस्ट सरकार ने धर्म के खिलाफ बैन लगा दिया। धर्मगुरुओं को जेल भेजने लगा था लेकिन इस मुस्लिम–बहुल देश में तब भी लोग छिप–छिपकर अपने रीति–रिवाजों का पालन करते थे। 1976 में यूरोपियन देश अल्बानिया की पार्टी ऑफ लेबर ने देश को नास्तिक मुल्क घोषित कर दिया था। वहां के तानाशाह एनवर होक्सहा जो मार्क्स से सहमत थे कहा कि धर्म एक अफीम है, जिससे पूरा देश बर्बाद हो जाता है। बैन के साथ ही देश में किसी भी तरह की धार्मिक क्रिया पर पूरी तरह से रोक लग गई। होक्सहा का कहना था कि धर्म की बजाए लोग उस पर और पार्टी पर श्रद्धा रखें लेकिन यह आसान नहीं था और धर्म गायब हो जाए यह नामुमकिन था। नतीजन कम्युनिस्ट शासन के खात्मे के साथ ही यहाँ फिर से धार्मिक अधिकार और व्यवस्था बहाल हो गई। होक्सहा काल के दौरान कई फिल्में बनीं, जिसमें धर्म के कारण आने वाली बुराइयों के बारे में बात की गई थी, जैसे फ्रीडम आफ डेथ और टू डाई आन वन्स फीट। इन फिल्मों में बताया गया था कि पश्चिमी देशों के साथ मिलकर धर्म गुरु अपने ही देश के खिलाफ साजिश करते हैं। अल्बानिया में तब एक ही चैनल था, जो सरकारी था। इसमें ऐसी फिल्में लगभग रोज दिखाई जातीं ताकि हर कोई उसे देखे। इधर आज भारत सहित दुनिया भर में धर्म का विरोध करते हुए उसका मखौल उड़ाने वाली फिल्में खूब बन रही हैं और चल भी रही हैं।

अब दुनियाभर में नास्तिकता बढ़ रही है, तो अब क्या धार्मिक होना अतीत की बात हो जाएगी ? इस सवाल का जवाब मुश्किल नहीं, बहुत–बहुत मुश्किल है। कैलिफ़ोर्निया में क्लेरमोंट के पिटज़र कॉलेज में सामाजिक विज्ञान के प्रोफ़ेसर फिल ज़करमैन कहते हैं, "इस समय दुनिया में पहले के मुक़ाबले नास्तिकों की संख्या बढ़ी है, और लोगों में इनका प्रतिशत भी बढ़ा है।" इस समय दुनिया में नास्तिकों का आंकड़ा बढ़कर 13 प्रतिशत तक पहुँच गया है लेकिन इसमें किसी को भी हैरानी नहीं होनी चाहिए। नास्तिकों की संख्या में सबसे अधिक बढ़ोतरी उन देशों में हुई है जो अपने नागरिकों को आर्थिक, राजनीतिक और अस्तित्व की अधिक सुरक्षा देते हैं। जापान, कनाडा, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, नीदरलैंड्स, चेक गणराज्य, एस्तोनिया, जर्मनी, फ्रांस, उरुग्वे ऐसे देश हैं जहाँ 100 साल पहले तक धर्म महत्वपूर्ण हुआ करता था, लेकिन अब इन देशों में ईश्वर को मानने वालों की दर सबसे कम है। इन देशों में शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था काफ़ी मज़बूत है । न्यूज़ीलैंड की ऑकलैंड यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक क़्वेंटिन एटकिंसन कहते हैं, "असल में, लोगों में इस बात का डर कम हुआ है कि उन पर क्या बीत सकती है।" इसके उलट ब्रिटिश कोलंबिया यूनिवर्सिटी के सामाजिक मनोविज्ञानी एरा नोरेनज़ायन कहते हैं, "धर्म के प्रति आस्था में कमी का मतलब इसका ग़ायब हो जाना नहीं है।" लोग दुख से बचना चाहते हैं, जब वे इससे बाहर नहीं निकल पाते तो वे इसका अर्थ खोजना चाहते हैं। बस यहीं से धर्म, पीड़ा को अर्थ देने लगता है अर्थात मनुष्य को उसकी पीड़ा तकलीफ के कारण समझाने लगता है। सच तो यह है कि यदि दुनिया की सारी परेशानियां चमत्कारिक ढंग से हल हो भी जाएं तब भी धर्म हमारे आस–पास ही रहेगा। वास्तव में धर्म हमें दुनिया को बेहतर तरीक़े से समझने, प्राकृतिक आपदाओं या अपने क़रीबियों की मौत की घटनाओं को समझने में मदद करता है।

धार्मिक विचारों को अपनाना मनुष्य के लिए सबसे कम प्रतिरोध का रास्ता होता है। धर्म से छुटकारा पाने के लिए आपको मानवता में से अनेक मूलभूत बातों में बदलाव करने होते हैं जो काफी कठिन है। ईश्वर के प्रति आस्था की बात करें तो हालाँकि 20 प्रतिशत अमरीकी किसी चर्च से संबद्ध नहीं थे, लेकिन उनमें से 68 प्रतिशत ने माना कि उनका ईश्वर में विश्वास है और 37 प्रतिशत ने ख़ुद को धार्मिक बताया। वास्तव में धर्म, समूहों में सामंजस्य और सहयोग को बढ़ावा देता है। कथित लक्ष्मण रेखा को पार करने वालों पर सर्वशक्तिमान ईश्वर की नज़र पुराने समाज को व्यवस्थित रखने में मदद करती थी। यही आज भी परोक्ष रूप से सहायक है। विशेषज्ञों का मानना है कि मनोवैज्ञानिक, तंत्रिका विज्ञान, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और तार्किक, इन सभी कारणों को देखते हुए धर्म शायद कभी इंसानों से दूर नहीं जा सकेगा । धर्म, चाहे इसे डर या प्यार से बनाए रखा गया हो– ख़ुद को बनाए रखने में अत्यधिक सफल रहा है। अगर ऐसा नहीं होता तो यह शायद हमारे साथ नहीं होता। यह जुदा बात है कि दुनियाभर में सत्ताएं भी धर्म की छाया में खूब फलती फूलती रही हैं जाहिर है वे इससे गठजोड़ तोड़कर कैसे छिटक सकती हैं।

**राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 26 संख्याः 330 प्रभात अजमेर, गुरुवार 30 जून, 2022 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

## कन्हैयालाल का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार

### उदयपुर पहुंची एन.आई.ए. टीम ने पूछताछ शुरू की

उदयपुर, 29 जून (कासं)। दो अतिवादियों द्वारा मंगलवार को बेरहमी से मारे गए टेलर कन्हैयालाल कन्हैया लाल का उदयपुर के अशोकनगर स्थित मोक्षधाम में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

आज सुबह 7.30 बजे एमबी चिकित्सालय की मोर्चरी में मृतक कन्हैयालाल का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद उनका शव सैक्टर 14 स्थित उनके घर पर एम्बुलेंस से रवाना किया गया। मोर्चरी में आईपीएस दिनेश एमएन,

- दोनों कट्टरपंथियों के खिलाफ यू.ए.पी.ए. में केस दर्ज हुआ।
- रियाज अत्तारी के खांजीपीर स्थित किराए के मकान के कमरे को जांच एजेंसी ने सीज किया।
- हत्यारों को फांसी दी जानी चाहिए, नहीं तो ये ओर लोगों को मारेंगेः मृतक की पत्नी।

राजेन्द्र प्रसाद गोयल, रेंज के आईजी हिंगलाजदान, कलैक्टर ताराचंद मीणा सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। कन्हैयालाल की पत्नी ने बिलखते हुए कहा कि "हत्यारों को फांसी दी जानी चाहिए, नहीं तो ये लोग कई लोगों को मारेंगे।"

कन्हैयालाल के घर से करीब 10.30 बजे उनकी अंतिम यात्रा रवाना हुई। इसमें यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए जो 'कन्हैयालाल अमर रहें' के नारे लगा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे अंतिम यात्रा अशोक नगर स्थित मोक्षधाम पहुंची, जहां उनके दोनों पुत्रों व परिजनों ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी मंत्री रामलाल जाट, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, वल्लभनगर विधायक प्रीति गजेन्द्र शक्तावत, मावली विधायक धर्मनारायण जोशी सहित राजनीतिक पार्टियों से जुड़े नेता मौजूद रहे।

इधर, उदयपुर में हुई इस बड़ी घटना में मुकदमा यूएपीए के तहत दर्ज किया गया है इसलिए अब आगे की जांच एनआईए (राष्ट्रीय जांच दल) करेगा जिसमें राजस्थान एटीएस अपना पूर्ण सहयोग करेगी। आज सुबह उदयपुर पहुंची एनआइए की विशेष टीम ने प्रकरण के संबंध में जानकारी लेने के बाद कन्हैयालाल तेली की हत्या के मामले में प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों रियाज व मोहम्मद गौस से पूछताछ शुरू कर दी है।



*कट्टरपंथियों की भेंट चढ़े उदयपुर के कन्हैयालाल के शव का बुधवार को उदयपुर के अशोक नगर स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। कन्हैयालाल के साथ हुई इस दुर्दान्त एवं आतंकी घटना का विरोध प्रकट करने के लिए एवं कन्हैयालाल के परिवार के समर्थन में इस मौके पर हजारों लोगों की भीड़ जुटी।*

उदयपुर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एडीजी जंगा श्रीनिवास राव, दिनेश एमएन, डीआईजी राजेन्द्र गोयल, एसपी राजीव पचार आदि उदयपुर में स्थिति को संभाले हुए है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर वर्तमान हालात को देखते हुए पुनः सभी पक्षों से शांति बनाएं रखने की अपील भी की है।

भाजपा प्रभारी प्रभारी मंत्री रामलाल जाट ने घटना की घोर निंदा करते हुए नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया एवं अन्य जन प्रतिनिधियों से बातचीत कर सर्वप्रथम मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद, पुत्रों को रोजगार सहित अन्य आवश्यक मदद तथा शहर में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। घटना में लापरवाही के चलते एक एएसआई निलंबन कर अपने कर्मचारी इतिश्री करने पर उन्होंने कहा कि अभी तो शुरूआत हुई है। जांच के साथ साथ लापरवाही के साक्ष्य मिलने पर लापरवाह अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध भी कार्यवाही होनी चाहिए। मोर्चरी पर मौजूद नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि अपरधियों में भय नहीं होने से ऐसी घटना हुई है, जिसकी निंदा की जानी चाहिए।

## गुरूवार को जयपुर बंद की भी घोषणा

जयपुर, 29 जून (का.प्र.)। उदयपुर में हुई कन्हैयालाल टेलर की हत्या के विरोध में 30 जून को जयपुर बंद रखने की घोषणा की गई है। बुधवार को जयपुर के सेवा सदन में हुई हिंदू संगठनों की बैठक में यह फैसला लेने के बाद कहा गया कि बंद के दौरान अति आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी बाजार और प्रतिष्ठान बंद रखे जाएंगे। इसके बाद 3 जुलाई को हिंदू संगठनों द्वारा जयपुर में बड़ा विरोध मार्च निकाला जाएगा। वहीं जयपुर के

- इंटरनैट सेवाओं पर भी शाम तक रहेगी पाबंदी।

संभागीय आयुक्त ने 30 जून शाम 5:30 बजे तक संभाग के सभी जिलों में इन्टरनैट सेवा बंद का आदेश जारी कर दिया है।

कन्हैयालाल की हत्या के खिलाफ जयपुर में हिन्दू संगठनों की बैठक में आर एस एस, विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल समेत कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पधाधिकारियों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया भी मौजूद रहे। इस दौरान सतीश पूनिया ने कहा कि "राजस्थान में कांग्रेस सरकार के राज में सांप्रदायिक सौहार्द लगातार बिगड़ रहा है। भोली भाली जनता को मौत के घाट उतारा जा रहा है। प्रदेश में अपराधी वारदातों को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं और मुख्यमंत्री अपनी सरकार को बचाने में लगे हैं।

उधर जयपुर जिला कलैक्टर राजन विशाल ने एक आदेश जारी कर पूरे जिले में आगामी आदेश तक धारा 144 लागू कर दी है। ऐसे में अब कहीं पर भी पांच या इससे अधिक लोग इकट्ठे नहीं हो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उदयपुर घटना के दोनों आरोपी दावते इस्लामी संगठन से जुड़े हुए हैं

### इनके कनैक्शन पाकिस्तान व अन्य अरब देशों से भी हैं

जयपुर/उदयपुर, 29 जून (का.प्र.)। उदयपुर में हुई सनसनीखेज हत्या के तार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एन. आई.ए.) ने 8 से 10 मोबाइल नंबर ट्रेस किए हैं, जिनकी लोकेशन पाकिस्तान से लेकर भारत में आ रही है और आरोपी रियाज अख्तर और गौस मोहम्मद की इन नम्बरों पर लगातार बातचीत हो रही थी। इस इनपुट से खुफिया तंत्र के कड़ी से कड़ी जोड़ने में लगा है। एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ यूएपीए में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर ने बताया कि इस नृशंस हत्याकांड के मामले में 2 मुख्य आरोपियों सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में हैं और सभी गुरुवारको उदयपुर जायेंगे। जहां वे मृतक कन्हैयालाल के परिजनों से मिलेंगे। गहलोत सुबह दस बजे उदयपुर के लिए रवाना होंगे। उनके साथ गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव, मुख्य सचिव उषा शर्मा और पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर भी होंगे।

जयपुर में कानून- व्यवस्था से जुड़ी उच्च स्तरीय बैठक के बाद राजस्थान के गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने इस मामले को लेकर खुलासा करते हुए बताया कि दोनों हत्यारे पाकिस्तान और अरब देशों के लोगों से कॉन्टैक्ट में थे। इनके मोबाइल में पाकिस्तान और अरब देशों के कुछ कांटेक्ट नंबर मिले हैं। इसी के साथ दोनों की पाकिस्तान के फोन नंबरों पर भी बातचीत होती रहती थी।

यादव ने दावा किया है कि दोनों

- दोनों ने कराची में 15 दिन की ट्रेनिंग ली, नेपाल के रास्ते पाकिस्तान गए थे।
- कराची से लौटने के बाद वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए भड़काऊ वीडियो भेजकर युवाओं का ब्रेन वॉश कर रहे थे।
- जांच एन.आई.ए. के हाथ में, दोनों हत्यारों पर यू.ए.पी.ए. के तहत मामला दर्ज।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज उदयपुर में कन्हैयालाल के परिजनों से मिलेंगे।

स्थानों पर पुलिस सतर्कता से निगरानी रख रही है। कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत माकूल पुलिस बन्दोबस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि परिस्थिति का सही आंकलन नही कर पाने के कारण उदयपुर जिले के धानमंडी थानाधिकारी व एक सहायक उप निरीक्षक को निलंबित किया गया है। उधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को जयपुर में उदयपुर की घटना को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

इसके अलावा उदयपुर की घटना में शामिल आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी करने वाले पांच पुलिसकर्मियों तेजपाल, नरेन्द्र, शौकत, विकास व गौतम को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन देने का फैसला किया गया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कराची में ट्रेनिंग भी ली है। जानकारी मिली है कि दोनों ने वर्ष 2014-15 में करीब 15 दिन की ट्रेनिंग पाकिस्तान में ली थी। पाकिस्तान से बुलावा आने के बाद वे अपने आका के बुलावे पर दोनों पहले नेपाल और वहां से पाकिस्तान गए थे।

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर ने बताया कि जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी कई सालों से दावते इस्लामी संगठन से जुड़े हुए थे। हालांकि इस घटना से पहले दोनों आरोपियों की कोई क्रिमनल हिस्ट्री अभी तक सामने नहीं आई है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को उदयपुर में कन्हैयालाल की जिस वहशियाना तरीके से हत्या की गई है,उसके बाद से राजस्थान पुलिस के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजसमंद में कानून व्यवस्था संभाल रहा पुलिस कर्मी धारदार हथियार से जख्मी

अजमेर/भीम, 29 जून (कास)। राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की जघन्य हत्या के बाद मचे बवाल के बीच राजसमंद के भीम इलाके में एक कॉन्स्टेबल पर तलवार से हमला हुआ है। लोग यहां उदयपुर की घटना का विरोध कर रहे थे। पुलिसकर्मी के रोकने पर भीड़ में शामिल एक व्यक्ति

- ब्यावर में प्राथमिक उपचार के बाद ग्रीन कॉरिडोर के जरिए उसे जे.एल.एन. अस्पताल लाया गया।

ने उसकी गर्दन पर तलवार मार दी। गंभीर रूप से घायल कॉन्स्टेबल को अजमेर रैफर किया गया है। भीम में ही मंगलवार को दोनों हत्यारे पकड़े गए थे। इस हमले के बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बन गई।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पाकिस्तान को आशा की किरण नज़र आयी

### आई.एम.एम. से 6 अरब डॉलर के स्वीकृत ऋण में से 1 अरब डॉलर देने के लिये बातचीत शुरू की

-अंजन रॉय-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। पाकिस्तान के वित्त मंत्री करीब एक हफ्ते पहले अपने देश की जनता से अनुरोध कर रहे थे कि, वो चाय कम पीए क्योंकि देश आवश्यक वस्तुओं को आयात करने के लिए भी विदेशी मुद्रा की पाई-पाई जुटाने में लगा है। पाकिस्तान का विदेशी विनिमय भण्डार इतना कम हो गया है कि, अब कुछ ही दिनों के लिए आयात किया जा सकता है।

- आई.एम.एफ. ने कई पूर्व शर्तें लगायीं, जिनमें प्रमुख है, एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन होना, जो ऋण की राशि को राजनीतिज्ञों व अफसरों की प्राइवेट जेबों में जाने से रोके।
- दूसरी शर्त है, पैट्रोल की कीमत में लगभग पचास रूपये प्रति लीटर की वृद्धि तथा बिजली के दामों में बढ़ोतरी कर, लगभग 43, 500 करोड़ रूपये की अतिरिक्त आमदनी उगाहने की गंभीर कोशिश।

चाय के उपभोग में कमी का महत्व बताना पाकिस्तान में कोई आसान सलाह नहीं है। वह दुनिया में, चाय का सर्वाधिक उपभोग करने वाले देशों में से एक है और चाय यहां सर्वव्यापी है। देश की आर्थिक स्थिति मूलतः श्रीलंका से अलग नहीं है। पाकिस्तान पर ऋणों का बहुत भार है और उसकी अर्थव्यवस्था ध्वस्त होने के कगार पर है।

चाय पीने को लेकर सरकार की चेतावनी ने पाकिस्तान की गंभीर आर्थिक स्थिति को उजागर किया था। बरसों की लापरवाही और कुप्रबंधन ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है, अमेरिकी डॉलर की तुलना में पाकिस्तान के रूपए की वैल्यू गिर गई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुकेश अंबानी के परिवार को प्रदत्त सुरक्षा

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मई-जून के उन आदेशों पर "स्टे" लगा दिया, जिनमें मुम्बई में

- सुप्रीम कोर्ट ने त्रिपुरा हाई कोर्ट द्वार इस सुरक्षा प्रदान करने के आदेश को "एग्ज़ामिन" करने के आदेश को "स्टे" किया।

रिलायंस इन्डस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अम्बानी तथा उनके परिवार को दिये गये सिक्यूरिटी कवर के परीक्षण की बात कही गई थी।

त्रिपुरा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए "थ्रैट परसैप्शन" की जांच के आदेश के विरूद्ध सर्वोच्च न्यायालय पहुँची

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा देने का विकल्प अपनाया, फ्लोर टैस्ट के बजाय

### अपने समर्थकों को "ऑन लाइन" संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, फ्लोर टैस्ट के बाद "मैं अपने शिव सैनिकों का खून नहीं बहने देना चाहता"

-डॉ. सतीश मिश्रा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। जहाँ सर्वोच्च न्यायालय के दो जजों की बैंच ने आज राज्यपाल भगतसिंह कोशियारी के शक्ति-परीक्षण के आदेश का समर्थन कर दिया, वहीं मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सबको चौंकाते हुये, कल सदन के पटल पर अपना बहुमत सिद्ध करने के बजाय, अपना पद छोड़ने का निर्णय ले लिया तथा इस प्रकार महाराष्ट्र की 31 माह पुरानी तीन पार्टियों की एम.वी.ए. सरकार का भविष्य सील बन्द हो गया।

इससे पूर्व, सर्वोच्च न्यायालय ने शिवसेना द्वारा दायर की गई याचिका में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

- उद्धव ठाकरे ने यह भी कहा कि, सेना एक परिवार है, मैं उसे टूटने नहीं दूंगा। मैं पार्टी पर समर्पित हूँ, सत्ता पर नहीं।
- बुधवार को शिंदे के समर्थक दिन में कामाख्या देवी के दर्शन करने गये और फिर गोवा रवाना हो गये चार्टर्ड फ्लाइट से।
- दिन में राज्यपाल ने मु.मंत्री ठाकरे को पत्र लिखकर कहा था कि, वे "फ्लोर टैस्ट" के लिये तैयार रहें, क्योंकि उनकी (राज्यपाल की) दृष्टि में ठाकरे सरकार अल्पमत में आ गयी है तथा उनकी पार्टी के विधायक उन्हें छोड़ कर जा रहे हैं तथा मु.मंत्री उन्हें अप्रजातंत्रीय तरीके से पार्टी में बनाये रखने का प्रयास कर रहे हैं, अतः किसका बहुमत है, यह फ्लोर टैस्ट द्वारा तय हो जाना चाहिए।
- मु.मंत्री ठाकरे ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका पेश की थी कि, जब तक विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधायकों की सदस्यता खत्म करने के लिये दिये गये नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय नहीं हो जाता, "फ्लोर टैस्ट" नहीं होना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट ने यह दलील स्वीकार नहीं की तथा राज्यपाल द्वारा "फ्लोर टैस्ट" के लिये दिये गये आदेश की अनुपालना का रास्ता साफ किया।

समर्थकों तथा मतदाताओं को अपने ऑनलाइन भावना प्रधान सम्बोधन में ठाकरे ने कहा, "हम सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं। लोकतन्त्र की अनुपालना होनी ही चाहिये।"

यह घोषणा करते हुये कि, वे महाराष्ट्र विधान परिषद की सदस्यता भी छोड़ रहे हैं, ठाकरे ने कहा कि "मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूँ। शिवसैनिकों का जो खून कल बह सकता है, मैं उसका भागीदार नहीं बनना चाहता। विद्रोह शुरू होने के दो दिन बाद, ठाकरे ने मुख्यमंत्री आवास छोड़ दिया था तथा इस प्रकार उन्होंने अपना वह वादा पूरा किया था, जो उन्होंने विद्रोहियों से एक फेसबुक लाइव में किया था-कि उनका विवाह पार्टी से हुआ है, सत्ता से नहीं।

उन्होंने कहा, "सेना एक परिवार है तथा वे इसे टूटने नहीं देंगे। मैं कहीं नहीं जा रहा, मैं अपने सभी समर्थकों को इकट्ठा करूँगा। हम वापसी करेंगे।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मैडिकल सीट्स

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जून। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस बात पर चिन्ता जताये जाने के फलस्वरूप, कि मैडिकल कॉलेजों में इस साल 1456 पोस्ट ग्रेजुएट सीटें खाली पड़ी हुई हैं,

- नैशनल मैडिकल कमिशन नया सिस्टम लागू करेगा, अगले सत्र से, जिससे एक भी एम.बी.बी. एस. या पी.जी. की सीट खाली नहीं रहे काउन्सलिंग के बाद।

नेशनल मैडिकल कमीशन (एन.एम. सी.) एक नई प्रक्रिया विकसित करने जा रहा है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि, प्रवेश की अन्तिम तिथि तक एक भी सीट खाली न रहे।

इसी प्रकार अखिल भारतीय कोटा में 323 एम.बी.बी.एस. सीटें तथा करीब 3000 सीटें मैनेजमेन्ट कोटा में खाली पड़ी हुई हैं। इस तथ्य से स्वास्थ्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूरे प्रदेश में प्रशासन ने फ्लैग मार्च और बाइक रैली की

## उदयपुर में हुई वीभत्स हत्या के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर



टोंक जिला मुख्यालय पर पुलिस द्वारा निकाले गए फ्लैग मार्च में जिले के आलाधिकारी भी शामिल रहे।

**टोंक,** (निसं)। उदयपुर में एक दर्जी की कथित तौर पर गला काटने की घटना के बाद पूरे प्रदेश में प्रशासन मुस्तैद रहा व कई जिलों में फ्लैग मार्च निकाले व बाइक रैली के कार्यक्रम किए गए। टोंक जिले में इस खबर फैलने के बाद जिला प्रशासन सतर्क हो गया और रात में ही पूरे शहर में पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ ही लोगों को घर पर भेज दिया और रात से पूरी तरह से इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी तो बुधवार को शहर के जिला व पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला।

जिला व पुलिस प्रशासन भी रात्रि से घटना के बाद सतर्क नजर आया। टोंक शहर में 10 बजे बाद बाजार में सन्नाटा पसर गया और पुलिस दल टोंक शहर में गश्त करते नजर आए। रात्रि में घंटाघर चौराहे पर बेवजह घुमने वालों से पूछताछ करते हुए पुलिस कर्मी नजर आए और उनको समय पर घर भेजा। सतर्क प्रशासन ने मुख्य बाजार में आमजन से शांति बनाएं रखने की अपील की वपुलिस अधिकारियों ने पुलिस जवानों के साथ फ्लेग मार्च निकाला।

## हिण्डौन में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं)। उदयपुर में हुई टेलर की निर्मम हत्या के बाद प्रदेश भर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने शहर के विभिन्न मार्गों से फ्लैग मार्च किया।

बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने उदयपुर में हुई घटना के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में उत्पन्न हो रहे हालातों को ध्यान में रखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने एवं सर्व समाज के लोगों आपस में भाईचारा बनाए रखने की अपील कीं। उन्होंने सभी धर्म गुरुओं को अपनी जिम्मेदारी निभाने और शांति व्यवस्था कायम रखने में अहम भूमिका निभाने का आग्रह किया। शांति समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि शहर सहित पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूर्ण रूप से अग्रसर है।


इसके बाद उपखंड अधिकारी अनूप सिंह थानाधिकारी कोतवाली वीर सिंह, नई मंडी थाना अधिकारी गिर्राज सिंह, सदर थाना अधिकारी बालकृष्ण, तहसीलदार धर्म सिंह आदि पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने जाट की सराय स्थित स्टेडियम से लेकर मनीराम पार्क, शीतला चौराहा, सराफा बाजार, शाहगंज, गीता टॉकीज, चौपड़ सर्किल, बयाना मोड़, नई मंडी, मोहन नगर आदि मार्गों से फ्लैग मार्च किया।

# चूरू में बाजार बंद रहे, हिन्दू संगठनों ने निकाली बाइक रैली

**चूरू,** (कासं)। उदयपुर में नुपूर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर में पोस्ट डालने पर एक युवक की दुकान में घुसकर मंगलवार को धारदार हथियार से हत्या करने के विरोध में बुधवार को चूरू में पूर्णतया बाजार बंद रहे।

हिन्दू संगठनों व भाजपा पदाधिकारियों ने बाइक रैली निकालकर बाजार बंद करवाये। शहर के चौक-चौराहों पर पुलिस जाप्ता तैनात रहा। सीओ सीटी राजेन्द्र बुरड़क की अगुवाई में पुलिस के वाहन गश्त करते दिखाई दिये। यहां सुरक्षा के लिहाज से बाजार में आरएसी की टुकड़ी भी तैनात रही। इंटरनेट सेवा आगामी आदेश तक बंद कर दी गई और चूरू जिले में कलेक्टर के आदेश पर धारा 144 लागू की गई। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर पूर्णतया बाजार बंद रहे। बंद के चलते शहर में वाहनों की आवाजाही भी काफी कम रही।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस शहर के मुख्य बाजार में तैनात थी। वहीं बाजारों में घोर सन्नाटा पसरा रहा और षहरवासियों ने इस कायरता पूर्ण कृत्य की कड़ी निन्दा की। वहीं इस घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला।



घटना के विरोध में हिन्दू संगठनों ने शहर के मुख्य बाजार में बाइक रैली निकाली।

# 'ज्योतिबा फुले कल्याण बोर्ड बनाएं'

## सैनी समाज के हजारों लोगों ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया



अलवर के राजगढ़ में 12 प्रतिशत अलग से आरक्षण की मांग को लेकर सैनी समाज ने रैली निकाली।

**राजगढ़,** (निसं)। कस्बे में सैनी समाज की ओर से आयोजित महापंचायत में आरक्षण का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। दर्जनों वक्ताओं ने समाज को 12 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलने तक संघर्ष को तेज करने का आव्हान करते हुए एकजुटता को प्रमुख बताया।

इससे पूर्व प्रधान पप्पू सैनी एवं मुरारी लाल सैनी सहित स्थानीय पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व प्रधान पप्पू सैनी ने कहा कि अन्य समाजों को राज्य सरकार की ओर से कल्याण बोर्ड के गठन के साथ अन्य सुविधाएं मुहैया कराई है मगर सैनी समाज अभी तक सभी सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने समाज

■ **महापंचायत के बाद मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

के हजारों महिला-पुरुषों को आव्हान करते हुए कहा कि जब तक समाज संगठित एवं एकजुट नहीं होगा तब तक किसी भी समस्या का समाधान संभव नहीं है। सैनी ने बताया कि 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आगरा हाईवे जाम के साथ तहसील व अन्य ग्राम स्तर पर आंदोलन को तेज करने की मुहिम में स्थानीय लोगों ने पुरजोर सहयोग किया है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को इसी प्रकार बांदीकुई में भी महापंचायत होगी। इस महापंचायत में ज्योतिबा फुले कल्याण बोर्ड सहित अनेक मांगों के निराकरण को लेकर हजारों महिला पुरुषों ने प्रमुख बाजारों से रैली निकाल उपखंड अधिकारी ओपी मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पप्पू सैनी पूर्व प्रधान, मुरारी लाल सैनी, पूरण सैनी मुन्ना सैनी, खेमचंद सैनी, गोवर्धन लाल सैनी, हटी राम सैनी, देवी सहाय सैनी, बनवारी सैनी मनोहर लाल सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, डॉक्टर सर्वेश सैनी, जितेंद्र सैनी, मोहन लाल सैनी लक्ष्मीनारायण सैनी, अलका सैनी, चिंकी सैनी, रजनी सैनी, एवं हजारों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# बीकानेर में करोना के 19 नये मामले निकले

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर जिले में लगातार बढ़ रहे मरीजों की संख्या ने जिला प्रशासन को भी चिंता में डाल दिया है। एक ओर एक जुलाई से स्कूल खुलने जा रहे है। वहीं दूसरी ओर कोरोना मरीजों की तादात में इजाफा होने से कही न कही संक्रमण के खतरा बढने के आसार हो गये है। क्योंकि रोजाना संक्रमितों में बच्चे भी पॉजिटिव रिपोर्ट हो रहे हैं। आज की लिस्ट में भी तीन बच्चे संक्रमित मिले हैं। जबकि कोरोना के चलते एक जने की मौत भी हो गई है।

नागौर निवासी मृतका पीबीएम में भर्ती थी। बुधवार को भी 19 नये मामले सामने आएं है। लगातार बढ़ रहे संक्रमितों के चलते आंकड़ा भी 235 जा पहुंचा है। इनमें ढ ाढूसर निवासी 26 वर्षीय पुरूष, जाटों का बास हिम्मतासर निवासी 70 वर्षीय पुरूष, गजनेर के वार्ड ने सात निवासी 53 वर्षीय पुरूष, आर्मी केन्ट की 30 वर्षीय महिला, सादुलगंज निवासी 33 वर्षीय महिला, डूप्लेक्स कॉलोनी के 39 वर्षीय पुरूष, भीनासर मुरली मनोहर मंदिर के पास निवासी 28 वर्षीय पुरूष, पंजाबगिरान मोहल्ला का 6 वर्षीय बालक, नत्थूसर का 12 वर्षीय बालक, एमपी कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय पुरूष, तेलीवाड़ा चौक निवासी 24 वर्षीय महिला, नत्थूसर बास निवासी 47 वर्षीय महिला, अन्त्योदय नगर निवासी 27 वर्षीय महिला, एफसीआई गोदाम के पीछे सब्जी मंडी के पास 8 वर्षीय बालक व दस वर्षीय बालक सहित 22 वर्षीय पुरूष और 45 वर्षीय महिला भी पॉजिटिव हुए है। इस महिने पीबीएम अस्पताल में कोरोना के कारण पांच जनों ने दम तोड़ दिया। हालांकि वे मरीज अन्य रोगों से भी ग्रसित थे।

## नाबालिग को धमका घर से भगा ले गए, श्मशान घाट में रेप किया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। दो युवक नाबालिग को डरा धमका कर घर से भगा ले गए और गांव के श्मशान घाट में ले जाकर रेप किया। इस दौरान पीड़िता के चिल्लाने पर भाग छूटे। पीड़िता के पिता ने दो युवकों के खिलाफ हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाने में नामजद मामला दर्ज कराया है।

संगरिया थानाप्रभारी हनुमाना राम बिश्नोई ने बताया कि नाबालिग पीड़िता के पिता ने केस दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि नुकेरा गांव के दो युवक सरवन सिंह पुत्र मनोहर निवासी नुकेरा और डीसा सिंह पुत्र विन्द्र सिंह निवासी नुकेरा 28 जून को सुबह 10:30 बजे मेरे घर के सामने आए और मेरी नाबालिग पुत्री को घर से डरा धमका कर भगा ले गए और नुकेरा गांव के श्मशान घाट में ले जाकर दिन-दहाड़े रेप किया। इस दौरान मेरी बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गए।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि मौके पर जब हम पहुंचे तो मेरी बेटी ने हमें सारी आप बीती बताई। उसके बाद पुलिस थाने आकर रिपोर्ट दी। संगरिया पुलिस ने रेप और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच थानाप्रभारी हनुमाना राम कर रहे हैं।

## लालसोट में भूकंप के हल्के झटके

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र में मंडावरी कस्बे सहित कई जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोपहर से पहले करीब साढे दस बजे के आस-पास उपखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हल्के भूकंप के झटके महसूस करने की चर्चा जोरों पर रही। मंडावरी कस्बे में कृषि उपज मंडी समिति में कार्य कर रहे पल्लेदारों को कुछ क्षणों के लिए भूकंप के झटके महसूस होने पर थोड़ी देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। इसके कारण पल्लेदारों द्वारा किए जा रहे कार्य में भी भूकंप के झटके महसूस करने के बाद चर्चा के दौरान रुकावट देखी गई। उपखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर भूकंप को लेकर चर्चा आम रही।

# प्रसूता की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

## सामान्य प्रसव कराने वाले डॉक्टरों ने प्रसूता को रैफर नहीं किया

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के सबसे बड़े जनाना अस्पताल में प्रसव के लिए आई एक प्रसूता की डिलीवरी के दौरान मृत्यु हो गई, जिसके बाद परिजनों ने जनाना अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

■ **डॉक्टर परिजनों से ब्लड की व्यवस्था करने की कहते रहे और प्रसूता की मौत हो गई**



प्रसूता की मौत के बाद शोक में डूबा परिवार।

प्रसूता के जेठ हमवीर सिंह ने बताया कि छोटे भाई लोकेश की पत्नी मंजू (25) को देर रात्रि को करीब 9 बजे के आस-पास जनाना अस्पताल में प्रसव के लिए लाया। जहां पर डॉक्टरों ने चेक करने के बाद कहा कि नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी और उसे प्रसव के लिए भर्ती कर लिया लेकिन रात को उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बावजूद भी उसे डॉक्टरों ने रैफर नहीं किया और परिजनों से कहा कि आप ब्लड की व्यवस्था करो सुबह करीब 5 बजे के आस-पास परिजन जबरदस्ती अंदर घुस गए। जहां देखा तो प्रसूता बेड पर मृत पड़ी हुई थी जिसको लेकर परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर डाला। हंगामे की सूचना मिलते ही थाना मथुरा गेट पुलिस जनाना अस्पताल पहुंची और समझाइश करके शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

## टोंक में तेज हवाओं के साथ आई बारिश

**टोंक,** (निसं)। जिला मुख्यालय सहित आस-पास के इलाकों में मंगलवार देर शाम को तूफान के साथ आई बारिश ने जमकर तबाही मचाई और कई पेड़ जगह जगह टूट कर गिर गए। जिससे कई इलाकों में बिजली व्यवस्था बंद रही। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को पौने आठ बजे करीब जोरदार तूफान के साथ बारिश का दौर शुरु हो गया। करीब पौन घंटे तक चले बारिश तूफान के कारण टोंक शहर में जगह पेड़ टूट कर गिर गए और शहर की बिजली व्यवस्था गुल हो गई। बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली। बारिश के साथ आएं तूफान से शहर के सिविल लाइन रोड पर कई जगह जगह पेड़ उखड़ गए। जिसके कारण लोगों को रास्ते में आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा है। रात्रि में प्रशासन की टीमों ने रास्तों से पेड़ों को हटाया और रास्ता चालू कराया।

■ **कई पेड़ जगह-जगह टूट कर गिर गए व बिजली बंद रही**

# उदयपुर में हालात नियंत्रण में, कर्फ्यू और धारा 144 की हो रही पालना



उदयपुर में कर्फ्यूग्रस्त इलाकों व शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में मंगलवार को कन्हैयालाल के जघन्य हत्याकांड के बाद शहर में हालात नियंत्रण है लेकिन प्रशासन व पुलिस मुस्तैदी से स्थिति पर नजर रखे हुए है। उदयपुर में धारा 144 एवं कर्फ्यू के प्रावधानों की पूर्ण पालना लोगों ने की। शहर के बाजार व दुकानें बंद रही व सड़कों पर सन्नाटा रहा। इधर, संभागीय आयुक्त ने उदयपुर संभाग में नेटबंदी की अवधि 24 घंटे और बढ़ ा दी है। वहीं आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी करने वाले पांच पुलिसकर्मी पदोन्नत किए जाएंगे।

कर्फ्यू को देखते हुए शहर में बाजार बंद रहे तथापि आवश्यक सेवाओं मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप इत्यादि खुले रहे। शहर भर में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिसकर्मियों के साथ कार्यपालक मजिस्ट्रेट्स नियुक्त किए गए जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर नजर रख रहे। शहर का माहौल शांतिपूर्ण रहा और विभिन्न चौराहों व प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा।

इधर, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने एक आदेश जारी कर उदयपुर जिले में हुई अपराध की घटना के दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए उदयपुर संभाग में जारी नेटबंदी की अवधि अगले 24 घंटे के लिए बढ ा दी है। इस आदेश के तहत संभागीय आयुक्त भट्ट ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से आगामी 24 घंटे तक उदयपुर संभाग के सभी जिले बांसवाडा, चित्तौडगढ, डूंगरपुर, प्रतापगढ राजसमंद व उदयपुर में इंटरनेट सेवा (लीज लाइन-ब्रॉडबैंड सेवाओं व लैंडलाइन फोन के साथ इंटरनेट सेवा को छोड़ते हुए) को निलंबित किया है।

वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस घटना के बाद पुलिस विभाग द्वारा की त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए राजसमंद के भीम से आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी करने वाले पांच पुलिसकर्मियों को पदोन्नत करने का अहम फैसला लिया है। चंद घंटों में ही आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी करने वाले पुलिसकर्मी तेजपाल, नरेन्द्र, शौकत, विकास एवं गौतम को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत घटना को लेकर गंभीर है और लगातार उच्च अधिकारियों से फीडबैक लेकर दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

## ट्रक में 40 लाख रुपये की अवैध शराब के 588 कार्टून बरामद

**जोधपुर,** (कासं)। देचू ने पुलिस ने एक ट्रक से चालीस लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है। पंजाब से आ रहे इस ट्रक में शराब के 588 कार्टून बरामद किए गए है। बाड़मेर जिला निवासी ड्राइवर ने बड़ी होशियारी से फोम के बंडलों के नीचे शराब को रख ऊपर से ट्रक को पूरी तरह से कवर कर दिया था। जोधपुर ग्रामीण एसपी अनिल कयाल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद हाईवे पर देचू थानाधिकारी राजेश कुमार मय जाब्ता द्वारा नाकाबन्दी शुरू की गई। इस दौरान एक बारह चक्का ट्रक को रूकवाकर तलाशी ली गई तो कुल 588 कार्टून पंजाब निर्मित अवैध अंठोजी मिली। पुलिस ने शराब व ट्रक को जब्त कर लिया। ड्राइवर बाड़मेर जिला के राणी गांव निवासी रायमल पुत्र शेराराम जाट को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के ऊपर करीब 22 फोम के बण्डल रखकर ट्रक पर तिरपाल डालकर अवैध शराब को इस प्रकार छिपाकर परिवहन किया जा रहा था कि सामान्य तलाशी में अवैध शराब नजर न आ सके। जब्त अवैध शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 40 लाख रुपए है।

# 'मालपुरा शहर की हर गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से रहेगी पैनी नजर'

## पुलिस व प्रशासन ने शहर में फ्लैग मार्च कर ली शांति समिति की बैठक

**मालपुरा,** (निसं)। उदयपुर में एक युवक की सरे आम हुई निर्मम हत्या को गंभीरता से लेते हुए शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एसडीएम रामकुमार वर्मा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में शांतिसमिति की बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को जिला कलेक्टर चिन्मय गोपाल ने जिले में धारा 144 लागू करने के दिये आदेशों के बाद पूर्ण अलर्ट मोड पर आये मालपुरा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस जवानों के साथ शहर में फ्लेग मार्च की।

बैठक में एसडीएम आरके वर्मा ने अवगत करवाया कि वर्ष 1952 से 2000 के सफर में मालपुरा में उपजे सामप्रदायिक तनाव की घटनाओं ने मालपुरा को प्रदेशभर में अतिसंवेदनशील कस्बे का जो बदनुमा दाग दिया है उससे छुटकारा पाने के लिए प्रशासन का सहयोग करे व सोशल मीडिया पर युवाओं की बढ़ती सक्रियता पर अंकुश लगाने के लिए परिजन जागरूक रहकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

एसडीएम ने बताया कि अतिसंवेदनशील कस्बे में होने वाली हर एक छोटी से बड़ी गतिविधि पर नजर रखने के लिए शहर के गली नुक्कड एवं चौराहे पर लगे 68 सीसी टीवी कैमरों तथा ड्रोन की सहायता से पुलिस व प्रशासन पैनी नजर बनाये हुए है। अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी व्यक्ति, समाज व समुदाय पर आपत्ती जनक पोस्ट कर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले लोगों पर अब पुलिस अत्याधुनिक संसाधनों से निगरानी रख रही है। फिर भी यदि कोई व्यक्ति व युवा सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट करता पाया जाता है तो साइबर क्राईम की विभिन्न धाराओं में ठोस कार्यवाही होगी चाहे व किसी भी समुदाय व धर्म सहित राजनैतिक पार्टियों से अपने संबंध रखता हो।

शांति समिति के सदस्यों ने मालपुरा शहर सहित वृत क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में बीट प्रणाली व रात्रि गश्त में सुधार का एक स्वर में मुद्दा उठाते हुए प्रमुख चौराहों पर अधिकारीयों व बीट प्रभारीयों के मोबाइल नम्बर लिखवाये जाने की मांग की। बैठक में दोनों ही समुदाय के युवा व प्रबुद्धजन के साथ साथ महिला सखियां मौजूद रहीं। जिन्होंने उदयपुर की घटना की कड़े शब्दों में निन्दा कर गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों सहित पर्दे के पीछे से इन्हे मिल रहे सहयोग में शामिल दोषियों पर भी सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की।

■ **सोशल मीडिया पर युवाओं की बढ़ती सक्रियता पर परिजनों से रोक व निगरानी की अपील**



मालपुरा एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक ली।

## संक्षिप्त

### योग प्रशिक्षकों का सम्मान किया

**अजमेर, (कासं)।** लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चलाये गए योग प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। प्रान्तीय पीआरओ एमजेएफ लायन राजेन्द्र गांधी ने बताया कि वैशालीनगर स्थित वीर उद्यान में 10 दिन तक चले शिविर का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर पंतजलि योग के दौलतराम थडानी, अनिता गार्गीया, कविता मोरवानी एव चेतना बच्छावत का माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भैंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि संभाग 2 की क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन आभा गांधी ने कहा कि निस्वार्थ भाव से सेवा देने वालो का सम्मान कर हमें गर्व की अनुभूति होती है, इन्होंने योग सीखा कर लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन गजेंद्र पंचोली, सचिव लायन सुनील शर्मा, प्रेमा बजाज, सुनील जैन सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### 'जेठ का चांद उत्सव' आज

**अजमेर, (कास)।** श्री झूलेलाल मन्दिर वैशाली नगर अजमेर में श्री झूलेलाल सेवा मंडली द्वारा 30 जून गुरुवार को 'जेठ का चांद उत्सव' शाम को 6.30 बजे से श्री झूलेलाल मंदिर, प्रेम प्रकाश आश्रम मार्ग, वैशाली नगर में बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। मन्दिर के अध्यक्ष प्रकाश जेठरा ने बताया कि इस अवसर पर झूलेलाल जी की पवित्र महाज्योत झूलेलाल सेवा मंडली परिवार द्वारा प्रज्वलित की जाएगी। मशहूर भजन गायक चंद्र रुपाणी एंड पार्टी द्वारा झूलेलाल जी के भजन व पंजडे गाये जायेंगे। पल्लव व प्रार्थना अरदास की जायेगी उसके बाद महाआरती की जायेगी। प्रसाद वितरण के बाद चांद उत्सव का समापन होगा।

### 'आमजन किसी के बहकावे में ना आए'

**अजमेर, (कासं)।** संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्दर सिंघ, जिला कलैक्टर अंशदीप एवं पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने आमजन से शांति, प्रेम और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आमजन किसी भी तरह के बहकावे में ना आएं, आपस में प्रेम और भाईचारा बनाए रखें। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी तरह के भड़काऊ मैसेज पर विश्वास नहीं करे और ना ही इन्हें फॉरवर्ड करें। संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस अजमेर संभाग में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। किसी भी तरह का माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### शांति बनाए रखने की अपील

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार जयपाल कुलदीप कपूर फकरे मोइन शिव कुमार बंसल अशोक बिंदल आरिफ हुसैन सागर मीणा एवं डॉ संजय पुरोहित ने कहा कि उदयपुर में युवक की निर्मम और दिल दहलाने वाली हत्या की घटना अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है, इसकी भर्त्सना करते हैं। कांग्रेसियों ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि किसी भी धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले अपराधियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए। कांग्रेसियों ने सभी से साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

### शिकायत निवारण समिति की बैठक स्थगित

**अजमेर, (कासं)।** संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा की अध्यक्षता में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के अन्तर्गत गठित समिति की संभाग स्तरीय बैठक गुरूवार दोपहर 3.30 बजे संभागीय आयुक्त सभागार में आयोजित होना प्रस्तावित थी। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक रविश कुमार शर्मा ने बताया कि इस बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### महिला समाधान समिति की बैठक स्थगित

**अजमेर, (कासं)।** संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक गुरूवार सुबह 11 बजे संभागीय आयुक्त कक्ष में होने वाली बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। यह जानकारी महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक ने दी।

# चैन स्नैचिंग एवं बाइक चोर गिरोह मामले में महिला सहित चार गिरफ्तार

**अजमेर, (कास)।** क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने चैन स्नैचिंग व मोटरसाइकिल चौर गिरोह के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही मामले में 1 नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से 2 सोने की चैन व 2 मोटरसाइकिल भी बरामद की है। सभी आरोपी रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी डॉ रविश सामरिया ने बताया की अलखनंदा कॉलोनी निवासी सुमन माथुर ने 18 मई को थाने पर चैन स्नैचिंग का मामला दर्ज करवाया था। मामले में परिवादी की रिपोर्ट पर मुकमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया और टीम को कारवाई के निर्देश दिए गए। सीआई डॉ रविश सामरिया ने बताया की टीम ने आरोपियों के अलग-अलग ठिकानो पर दबिश दी गई। इस बीच पुलिस को आरोपियों के भेरू बाड़ा



अजमेर की क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने चैन स्नैचिंग व बाइक चेर गिरोह के चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा।

के तरफ होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने कार्रवायी करते हुए अजमेर निवासी हिमांशु महावर पुत्र ताराचंद (26), रोशन रेगर पुत्र मोहन लाल (24), प्रियंका पत्नी मोहसिन (30) सहित चोरी माल खरीदने वाले सुनार

- आरोपियों से सोने की चैन व बाइक बरामद की, सभी रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे
- एक नाबालिग निरुद्ध, पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी

नंदू सोनी पुत्र सत्यनारायण सोनी (21) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने 10 से ज्यादा वारदात करना कबूल किया है। सभी आरोपी रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों से 2 सोने की चैन और 2 चोरी की बाइक बरामद की गयी है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# उदयपुर में युवक की निर्मम हत्या तुष्टिकरण नीति का नतीजा : देवनानी

**अजमेर, (कासं)।** पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने उदयपुर में कन्हैयालाल की निर्ममता से हुई हत्या को लोमहर्षक, दिल दहलाने वाली और नितांत बर्बरतापूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।

वही इस पूरे मामले में राज्य सरकार को पूर्णरूप से फेल और तुष्टिकरण की नीति का परिणाम बताते हुए कहा है कि यदि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत में थोडी-सी भी नैतिकता बची है, तो उन्हें तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए।

देवनानी ने जारी बयान में कहा, उदयपुर की घटना से यह साफ हो गया है कि प्रदेश की पुलिस और इंटेलीजेंस पूरी तरह फेल रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब कन्हैयालाल ने धमकियां मिलने की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी, तो पुलिस ने उसे समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध क्यों नहीं कराई। इससे पुलिस की नाकामी साबित हो गई है।

देवनानी ने कहा कि अब तो यह भी जानकारियां सामने आ रही हैं कि कन्हैयालाल की हत्या करने वाला शख्स पाकिस्तान से प्रशिक्षण लेकर आया था। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब वह पाकिस्तान से प्रशिक्षण लेकर आया, तो प्रदेश का खुफिया तंत्र क्या कर रहा था, क्या उसे इस बात की तनिक भी जानकारी नहीं मिली।

यदि नहीं मिली, तो क्यों और इसके लिए जिम्मेदार कार्मिकों व अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने अभी तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं की है। देवनानी ने कहा कि वैसे तो मुख्यमंत्री गहलोत अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों और विपक्षी नेताओं की सीआईडी करवाते हैं, उनके पीछे खुफिया तंत्र को हमेशा सक्रिय रखते हैं। लेकिन वे प्रदेश की कानून-व्यवस्था बनाए रखने में खुफिया तंत्र को बिल्कुल भी उपयोग नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार वोटों की राजनीति के चक्कर में हमेशा से तुष्टिकरण की नीति अपनाए रही है। उदयपुर की घटना भी इसी तुष्टिकरण की नीति का ही परिणाम है।

- 'कांग्रेस सरकार पूरी तरह फेल, नैतिकता के आधार पर गहलोत इस्तीफा दें'
- 'धमकियां मिलने के बाद भी सुरक्षा मुहैया नहीं कराना पुलिस की नाकामी का प्रमाण'

देवनानी ने कहा कि करौली, जोधपुर, भीलवाड़ा, अलवर आदि जगहों पर भी जो साम्प्रदायिक दंगे हुए, वह भी सरकार की तुष्टिकरण नीति के ही नतीजे थे। इसके बावजूद सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा।

देवनानी ने कहा कि सरकार को उदयपुर की घटना की गंभीरता और गहराई से जल्द से जांच कराकर आरोपियों को कोर्ट से कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

### इंटरनेट सेवाएं 24 घंटे तक निलंबित

**अजमेर, (कासं)।** संभाग में इन्टरनेट सेवाएं आगामी 24 घण्टे तक निलम्बित रखने का निर्णय लिया गया है। संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने बताया कि संभाग में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व अफवाहें आदि से कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न ना हो इस बाबत संभाग के अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टोंक जिलों के जिला मजिस्ट्रेट के अनुरोध पर अजमेर संभाग में 29 जून मध्यरात्रि 12 बजे से आगामी 24 घण्टों तक इन्टरनेट सेवाओं को अस्थाई निलम्बन करने का निर्णय लिया गया है। लोक सुरक्षा अथवा लोक आपात को दृष्टिगत रखते हुए संभाग के अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टोंक जिले में 29 जून मध्यरात्रि 12 बजे से 24 घण्टों तक इन्टरनेट सर्विस प्रोवाइडर द्वारा 2जी, 3जी, 4जी डेटा, इन्टरनेट सर्विस, बल्क एसएमएस तथा एमएमएस, व्हाट्स एप, अन्य सोशियल मीडिया का अस्थाई रूप से निलबंन किया जाता है।

### अग्रवाल बंधु महिला समिति का मनोरंजन कार्यक्रम संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** अग्रवाल बंधु पश्चिम क्षेत्र महिला समिति का गेट टूगेदर मस्ती,धमाल वृंदावन गार्डन रेस्टोरेंट में सानंद संपन्न हुआ। जिसमे तीस से अधिक महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष ज्योत्सना मित्तल ने बताया कि हाउजी खेल में विजेता क्रमश विनीता मित्तल, सुषमा अग्रवाल, अलका अग्रवाल रही। चम्मच गेम में क्रमश संगीता मोदी, ममता अग्रवाल, वीणा बंसल विजेता रही बैलून गेम में प्रियंका अग्रवाल, निशा गर्ग, विजेता रही। इसी दौरान कोषाध्यक्ष रचना अग्रवाल ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सचिव सुमन गोयल के अनुसार गीत बहार में छतरीयों संग सावन के गानों पर आया सावन झूम के, बरखा बहार आई ओ सजना, रिमझिम बरसता सावन होगा, गानों पर रिपु अठावाल, चंचल, वन्दना अग्रवाल, शालू कंदोई वंदना गोयल, दीपा, रेणु मित्तल, सीमा डानी, भानुमती, ललिता फतेहपुरिया, सभी ने नृत्य किया। कल्पना गुप्ता, अंजना डीडवानिया, उषा, उमा अग्रवाल, आरती ने पारितोषिक वितरण कर पुष्प हार द्वारा सम्मान किया। इससे पूर्व सभी महिलाओं ने महाराजा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। सुषमा अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने वालों पर होगी कार्यवाही : एएसपी मिश्रा

**भीलवाडा, (निसं)।** शाहपुरा पुलिस चोकी भवन में बुधवार को उदयपुर की घटना को लेकर शांति समिति व सीएलजी की बैठक आयोजित कर मौजूद लोगों से क्षेत्र में शांति व सदभाव बनाये रखने का आव्हान किया गया। बैठक में पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि उदयपुर की वारदात का कोई भी विडियो अथवा धार्मिक सौहार्द को बिगाडने के संबंध में कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर करता है तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। इसमें किसी भी प्रकार की न तो कोताही बरती जायेगी तथा न ही कोई सिफारिश मान्य होगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा, उपखंड अधिकारी सुनिता यादव, पुलिस उपाधीक्षक करणसिंह, तहसीलदार नारायणलाल जीनगर व थाना प्रभारी घनश्यामसिंह देवडा ने बैठक में मौजूद शांति समिति व सीएलजी सदस्यों व जनप्रतिनिधियों से कहा कि उदयपुर की घटना जो हुई वो निंदनीय तथा विधि विरूद्व है। पुलिस ने तुंरत कार्रवाई करते हुए हत्या के दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकार ने मामले की गंभीरता को लेकर विशेष जांच टीम को मौके पर भेज दिया है तथा पुलिस के आला



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा, उपखंड अधिकारी सुनिता यादव, पुलिस उपाधीक्षक करणसिंह, ने सीएलजी बैठक को सम्बोधित किया।

अधिकारी मौके पर है। समूचे प्रदेश में शांति व सौहार्द को बनाये रखने के लिए इंटरनेट को बंद कर दिया है तथा धारा 144 लगा दी है।

एसडीएम सुनिता यादव ने कहा कि शाहपुरा गौरवशाली कस्बा है। कस्बावासी धैर्य बनाये रखे तथा सौहार्द से युवाओं को मोटीवेट कर किसी भी प्रकार की गलत टिप्पणियों से माहौल को खराब न होने दे। कोई भी सूचना होने पर पुलिस व प्रशासन को सूचित किया जाना चाहिए। पुलिस उपाधीक्षक करणसिंह ने ताजा हालातों की जानकारी देकर कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मकता से होना चाहिए न कि किसी भी प्रकार की धार्मिक भावनाओं को भडकाने के लिए। ऐसा होने पर पुलिस सीधी कार्रवाई करेगी। तहसीलदार नारायणलाल जीनगर ने युवाओं को शांति समिति से जोडने का सुझााव दिया। थाना प्रभारी घनश्यामसिंह ने कहा कि शाहपुरा पुलिस बराबर गश्त कर रही है। सभी नागरिकों का दायित्व है कि वो धार्मिक विद्वेष की किसी भी गतिविधि को न होने देवें। होती है तो तुंरत सूचना देवें। बैठक में शांति समिति व सीएलजी सदस्य व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राजस्थान सरकार के शासन में अपराधी बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे है : मदन दिलावर

**अजमेर, (कासं)।** कांकरदा भुनाबाय स्थित भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय में जिला कार्यसमिति व बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कार्यसमिति में प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, जिला संगठन प्रभारी वीरमदेव सिंह, सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक वासुदेव देवनानी, विधायक अनिता भदेल, पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत, पूर्व अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व एडीए अध्यक्ष शिवशंकर हेड़ा, पूर्व मंत्री किशन सोनगरा, सहित जिले में प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी,पार्षद, जिला कार्यसमिति सदस्य मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष प्रकोष्ट अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

भाजपा अजमेर शहर जिला की कार्यसमिति एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक में चर्चा के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान की बेपरवाह गहलोत सरकार के शासनकाल में अपराधी बेखौफ



जिला कार्यसमिति में प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने बैठक को संबोधित किया।

होकर घटनाओं को अंजाम देते हुए पूरे प्रदेश की जनता को शर्मसार कर रहे हैं। उदयपुर में हुई घटना प्रदेश सरकार और पुलिस की नाकामी बयां करती है। यदि मुख्यमंत्री समय रहते पीडित को सुरक्षा उपलब्ध करवाने के लिए पुलिस को कहते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। खुद गृहमंत्री अशोक गहलोत के रहते हुए प्रदेश में लगातार सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं, बावजूद इसके उनकी जिम्मेदारी लेने की बजाय मुख्यमंत्री सारी जिम्मेदारी का ठीकरा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के माथे फोड़ देते हैं। उदयपुर की घटना के बाद भी यही देखने को मिला जब उन्होंने इस घटना की निंदा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को कह दिया कि वह पूरे देश को संबोधित करें उससे ज्यादा असर पड़ेगा। इस वक्त देश का माहौल खराब है। ऐसा बचकाना बयान मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। राजस्थान की बेपरवाह गहलोत सरकार फाइव स्टार होटलों में बार-बार बंद रहकर ऐशो आराम करती है और दूसरी और राजस्थान की जनता पानी, बिजली, स्वास्थ्य और कानूनी मुद्दों से जूझने के लिए मजबूर रहती है।

- उदयपुर में हुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया

भाजपा राजस्थान जिला अजमेर शहर की कार्यसमिति कांग्रेस की इस भ्रष्ट, निर्लज्ज, संवेदनहीन, नकारा सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पारित करते हुए 2023 के चुनाव में राजस्थान को कांग्रेस मुक्त करने का संकल्प लेती है। इस दौरान कार्यसमिति के बीच उदयपुर में हुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

## सार-समाचार

### कृतिका पाठक का सम्मान किया



**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के शाहपुरा मूल की रहने वाली कृतिका पाठक का केलिफोर्निया की यूनिवर्सिटी आफ साउर्दन-लाज एजिंल्स में चयन होने पर बुधवार को यहां श्रीश्रीजी का मन्दिर में उनका स्वागत सम्मान किया गया। कृतिका पाठक के चयन होने पर विप्र सेना के राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाडी, अजमेर व भीलवाडा जिला प्रभारी कुलदीप व्यास, जिला अध्यक्ष योगेश व्यास ने विप्र सेना परिवार की तरफ से कृतिका को बधाई पत्र भेजा एवं उज्जवल भविष्य की कामनायें की। शाहपुरा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ अशोक भारद्वाज, अनिल शर्मा ( एडवोकेट) मान दीपक पारीक, ब्राह्मण महिला सदस्य पार्षद मदन कवर शर्मा, प्रवीण गुजराती, विप्र सेना के जिला मंत्री अविनाश शर्मा, विप्र सेना के शाहपुरा नगर अध्यक्ष रवि दत्त मौजूद रहे। विप्र सेना के शाहपुरा नगर अध्यक्ष रवि दत्त ने बताया कि कृतिका पाठक शाहपुरा की प्रथम बालिका है जिसका चयन केलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में हुआ है। जो वहां पर मास्टरर्स इन डाटा सांइस में अध्ययन करेगी। कृतिका का केलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में साक्षात्कार के बाद घोषित परिणाम में चयन हुआ। कृतिका 9 अगस्त को केलिफोर्निया के लिए रवाना होगी।

### भागवत कथा का आयोजन




**भीलवाडा, (निसं)।** स्थानीय आजाद चौक भीलवाडा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मुख्य यजमान गोपाल व्यास ने अपनी पत्नी सहित भगवान एवं भागवत महापुराण का पूजन किया। कथा संयोजक पीयूष दाधीच ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ से बोलते हुए राष्ट्रीय कथावाचिका दीपा दाधीच ने कथा सुनाई। शहरी विधायक विठ्ठलशंकर अवस्थी, समाजसेवी हेमनदास भोजवानी, हरीश मानवानी, राजकुमार गुरनानी, जितेन्द्र मोटवानी, मूलचन्द बहरवानी, गुलशन विधानी , तुलसी सखरानी, सन्नी हरचंदानी, अनूप चौधरी, पार्षद महेन्द्र गबरानी, सुरेश रोंगवानी आदि ने व्यास पीठ पर विराजमान व्यास महाराज से आशिर्वाद लिया और माला पहनाकर उपरना एवं पगडी पहनाकर व्यासपीठ पर विराजमान राष्ट्रीय कथावाचिका दीपा दाधीच का स्वागत किया। कथा में संचालन कवि रामनिवास रोनी और नारायण दाधीच ने संयुक्त रूप से किया।

### घरों में पहुंचेगा मीठे पानी का टेंकर

**अजमेर, (कासं)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव व अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी महेन्द्र सिंह रलावता ने बुधवार 29 जून को जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव सगोत्रा से बात करके काजीपुरा (लक्की चौराहा) क्षेत्र के निवासियों को मीठे पानी का टैंकर पहुंचाने को कहा है। इस संबंध में क्षेत्र के निवासियों ने रलावता के जयपुर रोड स्थित कार्यालय पर उपस्थित होकर उन्हे ज्ञापन दिया था। जिसमें क्षेत्र में पाईपलाईन नहीं होने और मजबूरी में फ्लोराइडयुक्त खारा पानी टैंकर से मंगवाने का उल्लेख किया गया है। काजीपुरा क्षेत्र की उपसरपंच रूकमा, रामदेव सिंह, इकबाल, मनीष रावत, पार्वती, उदा, प्रभु दयाल रेगर आदि ने रलावता को बताया कि हमारे इलाके के 70-80 मकानों में पानी की पाईप लाईन नहीं है। जिसके फलस्वरूप हमें पानी की भीषण समस्या का सामना करना पडता है। उन्होने पानी की पाईप लाईन डलवाने की मांग रलावता से की। जिस पर रलावता ने तुरन्त जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव सगोत्रा से फोन पर सम्पर्क करके काजीपुरा में मीठे पानी के टेंकर की व्यवस्था कराई जाने को कहा। उन्होने क्षेत्र के निवासियों को आश्वासन दिया कि काजीपुरा लक्की चौराहे से जुडे उनके घरों तक पाईप लाईन डलवाने के लिए वे जलदाय मंत्री महेश जोशी और विभाग के उच्चाधिकारियों से बात करके इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर रज्जाक, राधाकिशन, पार्वती, सुशीला, कमरूद्दीन, बरकत, राजू, कविता, विशाल, सोनिया, राकेश, महेन्द्र सिंह, रामकंवर, डिम्पल, मानसिंह, रामकन्या, जितेन्द्र, सुजाता, सुरेन्द्र, मुस्कान, नौरती आदि भी मौजूद थे।

# कानून व शांति व्यवस्था की पालना के लिए प्रशासन एवं पुलिस मुस्तैद रहे : मुख्य सचिव

**अजमेर, (कासं)।** मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कानून एवं शांति व्यवस्था की पालना के लिए जिलों में धारा 144 एवं अन्य उपायों की सख्ती से पालना कराई जाए। प्रशासन सभी तरह की घटनाओं पर चौकन्नी नजर रखे एवं किसी भी तरह का माहौल बिगड़ने नहीं दिया जाए। कोई भी व्यक्ति निषेधाज्ञा या नियमों का उलुंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए।

मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा की। अजमेर संभागीय मुख्यालय पर एडीजी बिनीता ठाकुर, संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्दर सिंघ, जिला कलैक्टर अंशदीप एवं पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा आदि ने भाग लिया।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था के संधारण, असामाजिक, अवांछित एवं बाधक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा लोक शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए निषेधाज्ञा की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें। इसके तहत विभिन्न अवसरों पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा, प्रदर्शन, सार्वजनिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली इत्यादि का आयोजन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठे होकर किसी भी तरह का जमाव, धरना, प्रदर्शन, नारे बाजी आदि पर सख्ती से

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा की

रोक रखी जाए। कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलेगा और ना ही इनका सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शन या उपयोग करेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशासन एवं पुलिस इंटरनेट तथा सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप एवं यूट्यूब आदि के माध्यम से समाज में विद्वेष पैदा करने वालों पर निगरानी रखे। कोई भी व्यक्ति इस तरह के भडकाऊ मैसेज इंटरनेट के माध्यम से डालता या फॉरवर्ड करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। प्रशासन शान्ति व्यवस्था तथा लोक शान्तिभंग होने की किसी भी प्रकार की आशंका के प्रति सतर्क रहे। कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाते या ऐसा कृत्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस एवं प्रशासन समाज के साथ समन्वय बनाए रखें। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखी जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर भावना गर्ग, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वी.बी.सिंह, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनिल जैन एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री गहलोत की तुष्टिकरण की राजनीति ने ले ली एक निर्दोष की जान : शेखावत

## उदयपुर की घटना पर केंद्रीय मंत्री का राजस्थान सरकार और कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उदयपुर की घटना को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोला। शेखावत ने कहा कि उदयपुर में जहां एक निर्दोष नागरिक कन्हैयालाल तेली की बर्बरता से हत्या की गई, वहां अभी कुछ दिनों पहले कांग्रेस पार्टी ने 'चिंतन' किया था। 'चिंतन' पार्टी की गिरती दशा पर करना था, लेकिन कांग्रेस पार्टी अपने चिर-परिचित एजेंडे भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कोसने में लगी रही, क्योंकि उसे 'चिंतन' नहीं एक वर्ग विशेष को खुश करना था। इसी तुष्टिकरण की राजनीति को राजस्थान के मुखिया अशोक गहलोत आगे बढ़ा रहे हैं, जिसके घातक परिणाम प्रदेश और देश की जनता देख रहे हैं। उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल तेली की हत्या भी इसी तुष्टिकरण की राजनीति का घातक परिणाम है। अपने बयान में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि कन्हैयालाल तेली की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उन्होंने पुलिस को आरोपियों के मोबाइल नंबर तक मुहैया कराए थे। धमकियों के चलते अपनी दुकान तक बंद रखी, पर पुलिस सोई रही। पुलिस और राज्य सरकार की नाकामी का ही नतीजा है कि जैसे ही कन्हैयालाल ने अपनी दुकान खोली, उनकी जान ले ली गई। राजस्थान में अपराधियों के हौसले कितने बुंलद हैं, यह इसी बात से पता चलता है कि उन्होंने बर्बरता से हत्या के बाद हथियार लहराते हुए वीडियो जारी किया। शेखावत ने कहा कि सरकार की ऐसी ही नाकामी करौली, जोधपुर, धौलपुर, भीलवाड़ा आदि शहरों में जनता देख चुकी है। कैसे करौली में रामनवमी की शांतिपूर्ण शोभायात्रा पर हमला हुआ? कैसे जोधपुर में एकतरफा उपद्रव मचाया गया? करौली में पीएफआई और दूसरे संगठनों के साथ कुछ सूत्र जुड़ते हुए पाए गए थे, लेकिन राजस्थान सरकार इस पर आज भी मौन है। करौली और जोधपुर में उपद्रव के दोषी तो साफ-साफ पहचाने गए, लेकिन एक वर्ग विशेष कांग्रेस पार्टी और गहलोत सरकार से नाराज न हो जाए, इसलिए पुलिस के हाथ बांध दिए गए।

> ■ बोले, यदि इस बार भी अपराधियों को बख्श दिया गया तो अगले साल जनता आपका हिसाब करने के लिए तैयार बैठी है

शेखावत ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति की हद तो यह है कि अपना गृह क्षेत्र होने के बावजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जोधपुर नहीं आए। करौली में करीब महीनेभर कर्फ्यू लगाए रखा, लेकिन वहां भी नहीं गए। मुख्यमंत्री उदयपुर में हुई घटना को भी केवल दु:खद बताकर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेना चाहते हैं। मुख्यमंत्री जनता सब देख रही है। केंद्रीय मंत्री ने मांग की कि उदयपुर की घटना की पूरी गंभीरता के साथ जांच होनी चाहिए। जिन्होंने कन्हैयालाल तेली की जान ली, केवल वो दोषी नहीं हैं। उनके पीछे कौन लोग हैं, उन्हें भी कानून के दायरे में लाने की आवश्यकता है, भले वो कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों? उम्मीद है कि मुख्यमंत्री जी अपनी तुष्टीकरण की राजनीति से बाहर निकलकर प्रदेश की जनता की रक्षा करेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि इस बार भी अपराधियों को बख्श दिया गया तो अगले साल जनता आपका हिसाब करने के लिए तैयार बैठी है। देश से तो कांग्रेस का सफाया हो चुका है। अब उसके अंतिम किले राजस्थान और छत्तीसगढ़ का ढहना भी तय है।

## राज दीपक रस्तोगी का कार्यकाल बढ़ाया



**जयपुर**, (का.सं.)। केन्द्र सरकार ने राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राज दीपक रस्तोगी को अपर सॉलिसीटर जनरल ऑफ इंडिया के पद पर कार्यकाल को बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति से अनुमति मिलने के बाद विधि एवं न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर रस्तोगी का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए बढाया है।

## वकील गोवर्धन सिंह की सीबीआई जांच की गुहार

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बार कौंसिल से निलंबित अधिवक्ता गोवर्धन सिंह के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच सीबीआई से कराने के संबंध में दायर याचिका पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। वहीं अदालत ने आरोपी के खिलाफ दर्ज विभिन्न एफआईआर को रद्द करने की गुहार के साथ दायर याचिकाओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए दो सप्ताह बाद सुनवाई रखी है। जस्टिस बीरेन्द्र कुमार ने यह आदेश गोवर्धन सिंह की याचिकाओं पर दिए।

याचिका में कहा गया कि उसे गत 27 अप्रेल को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद उसके खिलाफ एक के बाद एक कई एफआईआर दर्ज कराई गई। वहीं जिन मामलों में पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी थी, उन्हें भी रीओपन कर याचिकाकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। याचिका में कहा गया कि एक मामले में न्यायिक अभिरक्षा के आदेश होने के बाद उसे दूसरे मामले में गिरफ्तार कर लिया जाता है। अब तक उसे करीब 55 दिन की पुलिस अभिरक्षा में रख चुके हैं। इसके अलावा उसे बैंक खातों आदि को भी सीज कर दिया है। राज्य सरकार याचिकाकर्ता के खिलाफ दुर्भावना से कार्रवाई कर रही है। ऐसे में प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए उसे सीबीआई को सौंपा जाए। जिसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि आरोपी कई लोगों को ब्लैकमेल करता था। उसके खिलाफ जयपुर और बीकानेर में पिछले दो दशक से कई मामले दर्ज हुए हैं। वहीं उसकी गिरफ्तारी के बाद कई पीड़ितों ने सामने आकर एफआईआर दर्ज कराई है। मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने के कोई आधार नहीं है। केवल मात्र आरोपी के कहने से ही प्रकरण की जांच सीबीआई को नहीं सौंपी जा सकती। यदि ऐसा हुआ तो सभी आरोपी अपने मामले की जांच सीबीआई को भेजने के लिए कहेंगे।

## सड़क पर 691 अतिक्रमण, हाईकोर्ट ने पालना के लिए तीन माह का समय दिया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से रीको फ्लाईओवर के बीच बनी सड़क पर करीब सात किलोमीटर के दायरे में हुए अतिक्रमण के मामले में राज्य सरकार को पालना के लिए तीन माह का समय दिया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश बाबूलाल शर्मा की पीआईएल पर दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अदालती आदेश की पालना में न्यू सांगानेर रोड पर मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से रीको फ्लाईओवर के बीच के अतिक्रमणों को चिन्हित कर लिया है। इस रोड पर करीब सात किमी दूरी में 691 अतिक्रमण हैं। अतिक्रमियों को नोटिस दिए जा चुके हैं और कई अतिक्रमियों ने अपनी आपत्तियां भी पेश की है। फिलहाल अतिक्रमियों का पक्ष सुना जा रहा है। ऐसे में आदेश की पालना के लिए तीन माह का समय दिया जाए। वहीं याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने राज्य सरकार को समय देने का विरोध करते हुए कहा कि दिसंबर में ही अतिक्रमणों के सर्वे की कार्रवाई पूरी हो गई थी। राज्य सरकार ने लंबे समय से हाईकोर्ट के आदेश की पालना नहीं की है। इसलिए अब राज्य सरकार को समय देने की बजाय अदालत आदेश की पालना करवाए। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर राज्य सरकार को तीन महीने का समय दिया है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने न्यू सांगानेर रोड पर मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से रीको फ्लाईओवर के बीच बनी 200 फीट की रोड पर करीब सात किमी के दायरे में हुए अतिक्रमण मामले में जुलाई 2021 में जेडीए को निर्देश दिया था कि वह एक महीने में इस रोड के सभी अतिक्रमणों को चिन्हित करें और उसके तीन महीने में अभियान चलाकर अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई करें। इसके बाद नवंबर 2021 में भी हाईकोर्ट ने अपने पूर्व में दिए गए फैसले में भी दखल से इंकार करते हुए न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल मानसरोवर व अन्य की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी।

# मुख्यमंत्री अपनी भूमिका में पूर्णतया विफल, तालीबानी घटनाओं से राज्य की जनता भयभीत है : डॉ. पूनिया

## 'राज्य का पुलिस प्रशासन और सरकार कमजोर हो जाती है तो सबसे पहले कोई दोषी हैं तो वो गृहमंत्री और मुख्यमंत्री हैं'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में उदयपुर हत्याकांड को लेकर कहा कि, प्रदेश में कानून व्यवस्था की नाकामी प्रदेश के पुलिस इंटेलिजेंस की फेल्योर और पुलिस का इकबाल खत्म होना यानी किसी की दुकान पर जाकर गर्दन काट देना ये पुलिस के इकबाल खत्म होने की सबसे बड़ी निशानी है, अपराधी बेखौफ हो जाएं और सरेआम इस तरह से अपराध करें तो ये सीधे-सीधे राज्य सरकार की कानून व्यवस्था की विफलता को बताता है।

एनआईए और केन्द्र की एजेन्सी तभी आती है जब स्थानीय प्रशासन, राज्य सरकार, पुलिस नाकाम हो जाती है और उदयपुर की इस घटना से शायद एनआईए का अपना एक संकेत है कि ये घटना केवल एक, दो या तीन व्यक्ति की नहीं है, इसके तार कहां तक जायेंगे, कोई कह नहीं सकता, क्योंकि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के शासन में जो सहूलियत अपराधियों को मिली हुई है, इस तरह के



**डॉ. सतीश पूनिया मीडिया से रूबरू हुए।**

राज में अपीजमेंट की राजनीति हो रही है, जिस राज में पुलिस में राजनैतिक दखल से नियुक्तियां होती

> ■ 'दुकान पर जाकर गर्दन काट देना ये पुलिस के इकबाल खत्म होने की सबसे बड़ी निशानी है, अपराधियों का बेखौफ हो जाना राज्य सरकार की कानून व्यवस्था की विफलता को बताता है'

हों, जिस राज में पुलिस के बेड़े को आधुनिकीकरण के लिए संसाधन के लिए कोई सोच नहीं हो तो ऐसी परिस्थिति में वहां की पुलिस नाकाम हो जाती है।

राज्य का पुलिस प्रशासन और सरकार कमजोर हो जाती है तो सबसे पहले कोई दोषी हैं तो वो राजस्थान के गृहमंत्री और मुख्यमंत्री हैं, जिन पर जन सुरक्षा की नैतिक जिम्मेदारी थी पर ये अफसोस है कि वो टविटर के जरिये शांति और सदभाव की अपील करके प्रधानमंत्री जी के बारे में ये कहते हैं कि उनको आगे आना चाहिए, तो भाई आप पीछे क्यों हो राजस्थान की जिम्मेदारी तो आपके जिम्मे है और इसलिए स्वभाविक तौर पर एनआईए जब आया है तो ये उम्मीद की जा सकती है कि एनआईए उन सब लोगों तक पहुंचेगा तो राजस्थान की शांति और सदभाव को बिगाड़ना चाहते हैं, जो लोग ये बयान देते है कि पूरे देश में केरोसिन फैल जाएगा यानि ये स्पष्ट है कि किस तरह की मानसिकता से यह लोग प्रदेश को अराजकता में धकेलना चाहते हैं, पूरे देश में अशांति फैलाना चाहते हैं, ये पहला इंसिडेन्ट नहीं है। राज्य के मुख्यमंत्री जो स्वयं गृहमंत्री भी हैं, जो अपनी भूमिका में पूर्णतय विफल हैं, इस प्रकार की तालीबानी घटनाओं से राज्य की जनता भयभीत है और सरकार जन सुरक्षा का भरोसा देने में असफल हुई है। हम एक जिम्मेदार राजनैतिक दल के नाते अपील करते है कि प्रदेश में शांति और सदभाव बना रहे, लेकिन प्रश्न यह है कि राज्य में इस प्रकार की घटनाएं कांग्रेस के शासन में क्यों होती हैं?

## कन्हैयालाल के परिजनों को 50 लाख के मुआवजे की घोषणा

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रदेशवासियों से शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उदयपुर की घटना धार्मिक नहीं, बल्कि आतंकी घटना है। राज्य सरकार द्वारा बिना विलंब अपराधियों को कठोर सजा दिलाई जाएगी। हम सभी को एकजुट होकर शांतिपूर्वक तरीके से ऐसी घटनाओं की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आश्रित परिवार को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाऐगी।

मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधि व तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि बलवान पूनिया, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि व पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी, किसान महापंचायत के प्रतिनिधि रामपाल जाट सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## सिमरनजीत और अनंत की इलोर्डा कप में विजयी शुरुआत

नई दिल्ली, 29 जून। भारतीय मुक्केबाज सिमरनजीत कौर और अनंत चोपडे ने बुधवार को कजाकिस्तान के नूर-सुल्तान में शुरू हुए इलोर्डा कप के उद्घाटन संस्करण में पहले दौर में विपरीत अंदाज में मिली जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। 2018 में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली सिमरनजीत टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के साथ खिताब की दावेदार बनी रहीं।

उन्होंने महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग के मुकाबले में स्थानीय मुक्केबाज इसचानोवा नाज़िम को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया। देश के लिए पहले बाउट में उतरे अनंत को हालांकि अपने मंगोलियाई विरोधी दोर्जन्याम्बु गनबोल्ड से कड़ी चुनौती मिली। भारतीय मुक्केबाज हालांकि पुरुषों की 54 किग्रा भार वर्ग के इस मुकाबले में रोमांचक लड़ाई के बाद 3-2 के अंतर से जीत हासिल करने में सफल रहे। सिमरनजीत और अनंत अब अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैचों में क्रमश: चीन की जू जिचुन और कजाकिस्तान के अल्टिनबेक नूरसुल्तान से भिड़ेंगे।

# भारत के लिए एजबेस्टन टेस्ट में जीत जरूरी

दुबई, 29 जून। इंग्लैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पहले से ही बहुत पीछे है। यहां तक कि न्यूज़ीलैंड का 3-0 से सूपड़ा साफ़ करने के बावजूद फ़ाइनल में पहुंचने की उनकी संभावना कम है। अगर वह भारत को आख़िरी टेस्ट में हरा देते हैं, घर में दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ़ करते हैं और पाकिस्तान को भी हरा देते हैं, तो भी उनका अंक प्रतिशत 50 से थोड़ा आगे ही होगा।

मौजूदा चैंपियन न्यूज़ीलैंड पहले ही दावेदार की रेस से बाहर हो गया है। अब वह सर्वाधिक अंक प्रतिशत 50 ही अर्जित कर सकते हैं।

भारत को सात टेस्ट खेलने हैं- एक टेस्ट इंग्लैंड में, चार ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ अपने घर में और दो बांग्लादेश के ख़िलाफ़ उनके घर में। भारत अधिकतम अंक प्रतिशत 74.53 अर्जित कर सकता है, जो ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ने के लिए काफ़ी होना चाहिए। भारत से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया का भी अंक प्रतिशत गिरेगा। भारत अगर एक टेस्ट हारता है तो उनका अंक प्रतिशत 68.98 और दो टेस्ट हारने पर 63.42 हो जाएगा। तो एजबेस्टन टेस्ट भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पास अभी भी 11 टेस्ट खेलने को बचे हैं- दो श्रीलंका में, चार भारत में, दो वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ घर में और तीन दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़। यदि वह घर में खेले जाने वाले पांच में से चार टेस्ट जीत लेते हैं तो उन्हें 65 का बेहतर अंक प्रतिशत बनाने के लिए एशिया में दो टेस्ट जीतने होंगे। दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित घर में वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ दो टेस्ट खेलने हैं। ऐसे में उन्हें 65 के अंक प्रतिशत से आगे निकलने के लिए विदेशी सरजमीं पर कम से कम एक सीरीज़ जीतनी ही होगी।

पाकिस्तान के पास अच्छा मौक़ा है क्योंकि उनके बचे सात में से पांच टेस्ट घर में होने हैं- तीन इंग्लैंड के ख़िलाफ़, दो न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ और दो विदेशी टेस्ट श्रीलंका में होने हैं। अगर वह सात में से पांच टेस्ट जीत लेते हैं तो वे अंक प्रतिशत में 65 से अधिक पर समाप्त करेंगे। श्रीलंका के लिए चीज़ें मुश्किल हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया व पाकिस्तान की मेज़बानी करनी है और न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ उनके घर में खेलना है। उन्हें 65 अंक प्रतिशत के क़रीब पहुंचने के लिए चार जीत और एक ड्रॉ खेलना होगा।

## जब आप भारत की जर्सी पहनते हैं, तो सिर्फ टीम के बारे में सोचते है : हुड्डा



डबलिन, 29 जून। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में शतक लगाने वाले दीपक हुड्डा ने कहा है कि उनके खेल में निखार का कारण उनकी बदली हुई मानसिकता है। हुड्डा ने मैच के बाद कहा, एक क्रिकेटर होने के नाते मैंने यह सीखा है कि आपको बहुत दूर तक नहीं सोचना चाहिये। आप कितनी भी सीरीज़ खेलें, एक बार में एक मैच की ओर ही देखना चाहिये। अगर मेरी कार्य नीति ठीक है तो मेरी मानसिकता भी बेहतर होगी और मैं रन भी बनाऊंगा।'' डबलिन में मंगलवार को खेले गये रोमांचक टी20 में भारत ने हुड्डा (104) की शतकीय पारी की बदौलत आयरलैंड के सामने 226 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में आयरलैंड ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करते हुए अपने 20 ओवर में 221 रन बनाये और सिर्फ चार रन से मैच हारी।

हुड्डा ने आयरलैंड की तारीफ करते हुए कहा, ''सच कहूं तो आयरलैंड ने हमारे खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और हमें भी उनके साथ खेलकर अच्छा लगा। पहले और दूसरे मैच की पिच में काफी अंतर था। पहले मैच में बारिश के कारण पिच भीगी हुई थी, लेकिन आज विकेट बल्लेबाजी के लिये अच्छा था जो दोनों टीमों की बल्लेबाजी में दिखा भी।''

जब हुड्डा से टीम में उनकी जगह पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जब आप भारत की जर्सी पहन कर खेल रहे होते हैं तो आप टीम के बारे में सोचते हैं, न कि अपने बारे में। हुड्डा ने कहा, ''भारतीय टीम में जगह पाना और फिर वहां अपनी जगह कायम रखना मुश्किल है, मगर इसी के साथ जब आप भारत की जर्सी पहन कर खेलते हैं तो आप अपने बारे में बिलकुल नहीं सोचते। आप टीम के बारे में सोचते हैं। मैं मैदान पर यही सोचता हूं कि मैं किसी स्थिति में टीम में क्या योगदान दे सकता हूं, इससे ज्यादा कुछ नहीं। यह मेरे लिये गर्व की बात है कि मैं भारत के लिये खेल रहा हूं, चाहे मैं रन बनाऊं या नहीं।''

दो मैचों की श्रंखला में 151 रन (47, 104) रन बनाने वाले हुड्डा को मैन ऑफ द सीरीज़ चुना गया। पहले मैच में हुड्डा ने रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के बाद भारत के लिये ओपनिंग की थी और मैच को समाप्त भी किया था। पहली बार सलामी बल्लेबाज का किरदार निभाने के बारे में हुड्डा ने कहा, सच कहूं तो मैं थोड़ा दबाव महसूस कर रहा था, मगर मुझे नॉन-स्ट्राइकर छोर पर अच्छे साझेदार मिले जो मुझे समझाते रहे। इससे मेरा दबाव कम हुआ।''

हुड्डा ने कहा, ''मैंने कभी एक अंतरराष्ट्रीय मैच में पारी की शुरुआत नहीं की है, लेकिन ऊपरी क्रम का बल्लेबाज होने के नाते आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आपके पास विकल्प नहीं होते, और यदि आपके पास विकल्प नहीं हैं तो क्यों न आप एक योद्धा की तरह मैदान पर उतरें।''

हुड्डा ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा, ''जाहिर है, हार्दिक बहुत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। आपने आईपीएल में भी देखा कि उन्होंने एक नयी फ्रेंचाइज़ी की कप्तानी की और वह आईपीएल जीते। मैं उनके लिये बेहद खुश हूं और जिस तरह वह जिम्मेदारी ले रहे हैं, मुझे उन पर गर्व है।''

## रोहित की कोविड रिपोर्ट एक बार फिर से पॉजिटिव

बर्मिंघम, 29 जून। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बुधवार सुबह की कोरोना रिपोर्ट फिर से पॉज़िटिव आई है, इससे उनके एजबेस्टन टेस्ट में खेलने पर संशय बरकरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार शाम और गुरूवार को सुबह उनका दो बार फिर से आरटीपीसीआर टेस्ट होगा, उसके बाद ही कोई आख़िरी निर्णय लिया जाएगा।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ़ से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि रोहित की अनुपस्थिति में भारत का कप्तान कौन होगा। केएल राहुल के दौरे से बाहर होने के बाद किसी को भी उपकप्तान नहीं बनाया गया है। हालांकि जसप्रीत बुमराह इसके प्रबल दावेदार है। इससे पहले श्रीलंका सीरीज़ के दौरान भी बुमराह को उपकप्तान बनाया गया था। बुमराह ने अभी तक पेशेवर क्रिकेट में कभी भी कप्तानी नहीं की है। अगर ऐसा होता है तो वह कपिल देव के बाद भारत के कप्तान बनने वाले दूसरे विशुद्ध तेज़ गेंदबाज़ होंगे। श्रीलंका सीरीज़ से पहले बुमराह ने कहा था कि वह कभी भी टीम का नेतृत्व करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा, ''अगर मुझे किसी भी परिस्थिति में कोई भी मौक़ा मिलता है तो यह मेरे लिए एक सम्मान की बात होगी और मैं इससे पीछे नहीं हटूंगा। जिस भी भूमिका के लिए मुझसे कहा जाएगा मैं उसे पूरी तरह से निभाऊंगा। जब आप टीम के वरिष्ठ सदस्य होते हैं तब आप नेतृत्वकर्ता भी होते हैं। इसलिए यह सिर्फ़ एक भूमिका ही होती है जो आपको औपचारिक तौर पर मिलती है।

## तीसरे राउंड में पहुंचे जोकोविच, रूड बाहर

लंदन, 29 जून। सर्बिया के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी और 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के थानासी कोकिनाकिस को हराकर विम्बलडन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। 35 वर्षीय जोकोविच ने सेंटर कोर्ट में हुए दूसरे दौर के मुकाबले में कोकिनाकिस को 6-1, 6-4, 6-2 से हराया।

लगातार तीन विम्बलडन जीत चुके जोकोविच ने तीसरे दौर में पहुंचने के बाद कहा, ''मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मैंने उनसे हर पॉइंट के लिये मेहनत करवाई, अपने खेल में काफी विविधता लेकर आया। गेंद को हवा में उछालना मुश्किल था, लेकिन मैं बहुत खुश हूं। मैं इस बात से प्रसन्न हूं कि मैंने दो दिनों में अपना स्तर कैसे बढ़ाया है।'' तीसरे दौर में जोकोविच का सामना चाइल के अलेहांद्रो तबीलो या उनके हमवतन मियोमीर केकमानोविच से होगा।

इसी बीच, विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी कैस्पर रूड फ्रांस के उगो हम्बर्ट से दूसरे दौर में हारकर ग्रास कोर्ट आयोजन से बाहर हो गये। हम्बर्ट ने नॉर्वे के रूड को 3-6, 6-2, 7-5, 6-4 से हराया।

## मलेशिया ओपन : दूसरे राउंड में पहुंची पी.वी. सिंधु

कुआलालंपुर, 29 जून। पूर्व विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु ने बुधवार को मलेशिया ओपन की महिला एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में जगह बनायी, जबकि सायना नेहवाल पहले दौर में ही बाहर हो गयीं। सिंधु ने एक्सियाटा एरिना में हुए पहले राउंड के मुकाबले में थाइलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-13, 21-17 से मात दी। दूसरी ओर, मई में आयोजित थाइलैंड ओपन के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही सायना को अमेरिका की आइरिस वांग के हाथों 11-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।



सिंधु ने मैच की शुरुआत में ही आक्रामक रवैया अपनाते हुए ब्रेक तक चार पॉइंट की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद 16-13 की बढ़त हासिल करने वाली सिंधु ने लगातार पांच पॉइंट जीतकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली। पोर्नपावी ने दूसरे गेम में सिंधु को कड़ी टक्कर दी। एक समय पर गेम 17-17 की बराबरी पर पहुंच गया, लेकिन सिंधु ने एक बार फिर वापसी करते हुए लगातार लगातार चार पॉइंट जीते और मैच भी अपने नाम किया। सिंधु और पोर्नपावी नौ बार आमने-सामने आये हैं जिसमें सिंधु ने छह बार जीत दर्ज की है जबकि पोर्नपावी तीन बार विजयी रही हैं। वह एचएस प्रणय के बाद मलेशिया ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। इससे पहले अश्विनी पोनप्पा और बी सुमीत रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी नीदरलैंड की रॉबिन ताबेलिंग और सेलेना पीक की जोड़ी से 21-15, 19-21, 21-17 से हारकर पहले ही राउंड में बाहर हो गयी थी।

# अनकैप्ड खिलाड़ियों को इंग्लैंड दौरे पर भेजेगी मुंबई इंडियंस

मुम्बई, 29 जून। आईपीएल 2022 के निराशाजनक अभियान के बाद मुंबई इंडियंस अगले सीज़न की तैयारियों का शुभारंभ करने जा रही है। जुलाई में फ्रैंचाइज़ी अपने अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को तीन हफ़्तों के लिए इंग्लैंड के दौरे पर भेजने वाली है।विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं में अभ्यास करने के अलावा मुंबई टीम के युवा खिलाड़ी शीर्ष काउंटी क्लब टीमों के ख़िलाफ़ कम से कम 10 टी20 मैच खेलेंगे। तिलक वर्मा, कुमार कार्तिकेय, रमनदीप सिंह, ऋतिक शौकीन उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्हें कठिन परिस्थितियों में टॉप टी20 टीमों के विरुद्ध खेलने का अवसर मिलेगा।

भारतीय खिलाड़ियों की प्रगति पर नज़र रखने के लिए प्रमुख कोच महेला जयवर्धने समेत मुंबई का सपोर्ट स्टाफ़ इंग्लैंड में रहेगा। भारतीय घरेलू सीज़न ख़त्म हो चुका है। जहां कप्तान रोहित शर्मा और स्टार तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह राष्ट्रीय टीम के साथ होंगे, वहीं मुंबई के अंतर्राष्ट्रीय सितारे अपनी टीमों के साथ व्यस्त होंगे। मुंबई को उन युवा खिलाड़ियों पर ध्यान देना होगा जिन्हें अगले घरेलू सीज़न से पहले साढ़े तीन महीनों के लिए कोई मैच प्रैक्टिस नहीं मिलेगी। इस दौरे के लिए मुंबई को बीसीसीआई से मंज़ूरी लेने की कोई आवश्यकता नहीं है बशर्ते टीम अन्य फ्रैंचाइज़ियों या विदेशी टी20 टीमों के विरुद्ध प्रदर्शनी मैच नहीं खेलती है। इंग्लैंड दौरे पर जाने वाले संभावित खिलाड़ी: तिलक वर्मा, कुमार कार्तिकेय, ऋतिक शौकीन, मयंक मार्कंडे, राहुल बुद्धि, बेसिल थंपी, मुरुगन अश्विन, आर्यन जुयाल, रमनदीप सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, आकाश मेधवाल, अरशद ख़ान, अर्जुन तेंदुलकर, डेवाल्ड ब्रेविस।



*रोम की एलिस पैस्कीनी एक मल्टी मीडिया आर्टिस्ट हैं जिनके स्ट्रीट आर्ट में इंसानी रिश्तों का खूबसूरत पक्ष नज़र आता है। उनकी कला, स्त्रीत्व, स्वतंत्र महिला जैसे विषयों पर केन्द्रित है। उनके बनाए भित्ति चित्रों, पेंटिंग्स व रेखाचित्रों में प्रेम और करूणा की कहानियां समाहित होती हैं। शहरों की दीवारों पर जगह-जगह उनकी विशाल कलाकृतियां दिखाई देती हैं। वे जिस भी दीवार पर चित्र बनाती हैं पहले उस दीवार के भौतिक गुणों का अध्ययन करती हैं। मटीरियल, दीवार का पेंट, और दीवार पर पड़े विभिन्न निशान व नुकसान (डैमेजेस) उस क्षेत्र के इतिहास और लोगों के बारे में संकेत देते हैं और यही उनकी पेंटिंग का कैनवस होता है। उसके बाद वो स्नेही कपल, बच्चों आदि के चित्र बनाती हैं, जिनके चेहरों पर असाधारण करूणा और सकारात्मकता के भाव होते हैं। एलिस कहती हैं, ''मैं इंसानी भावनाओं और उनके रिश्तों को बयान करती हूँ, यही बात मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। दुनियाभर की दीवारें एक जरिया हैं एकता का संदेश देने का।'' दुनियाभर में दीवारों पर उनके बनाए भित्ति चित्र हैं। उनके अपने शहर रोम के अलावा ऑस्लो और टोरॅन्टो, सिडनी, न्यूयॉर्क, बार्सिलोना, मॉस्को, कोपनहेगन, बर्लिन, व लंदन आदि में उन्होंने भित्ति चित्र बनाए हैं। एलिस इसके लिए खूब यात्राएं करती हैं, शहर की दीवारें उनका प्रिय कैन्वस हैं। रोम की अकैडमी ऑफ फाइन आर्ट्स की ग्रैजुएट, एलिस ब्रिटेन में रहती हैं और ब्रिटेन के अलावा फ्रांस व स्पेन में भी काम करती हैं।*

# बिहार में ओवैसी के पांच में से चार विधायकों ने पार्टी छोड़ी

## इन विधायकों ने आर.जे.डी. जॉइन की

पटना, 29 जून। बिहार विधानसभा में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायकों के लालू यादव की पार्टी आरजेडी में शामिल होने के बाद बीजेपी विधानसभा में नंबर 2 पार्टी हो गई है। इससे भाजपा के नेता तिलमिला गए हैं और सुबह से ही लगातार एक साथ तेजस्वी यादव से लेकर ओवैसी तक को कोस रहे हैं।

अब बीजेपी के नेताओं ने आरजेडी में शामिल 4 विधायकों के नंगे पांव राजद सुप्रीमो लालू यादव से मिलने पर तीखा बयान दिया है और कहा है कि अभी तो नाक रगड़ना और जूते घिसना बाकी है।

दरअसल, तेजस्वी यादव दोपहर में ओवैसी की पार्टी के 4 विधायकों के आरजेडी में शामिल होने की सूचना देने उनको लेकर विधानसभा अध्यक्ष के पास गए।

वहां से निकलकर उन्होंने इन विधायकों के साथ मीडिया से बात की उसके बाद तेजस्वी इन विधायकों को पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मिलाने लेकर गए थे।

इस मुलाकात की जो फोटो आई उसमें ये चार विधायक नंगे पांव दिख रहे हैं जबकि लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव वगैरह जूता या चप्पल पहने नजर आ रहे हैं। ऐसा अनुमान है कि लालू के कमरे में जाने से पहले एआईएमआईएम से आरजेडी में आए इन विधायकों ने अपना जूता-चप्पल उतार दिया था।

लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और जगदानंद सिंह के साथ इन चार विधायकों की फोटो शेयर करते हुए बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता निखिल आनंद ने कटाक्ष किया है।

निखिल आनंद ने ट्वीट में लिखा है-''आदरणीय लालूजी स्वस्थ-सुरक्षित रहें हमारी कामना है। उनको छोड़िए। युवराजों के पैर में भी चप्पल है। लेकिन दिलचस्प है किएआईएम आईएम के 4 मुसलमान विधायकों को राजद में लाया गया तो उनको चप्पल उतरवाकर घर में बुलाया गया। अभी तो नाक रगड़ना और जूते घिसना बाकी है।''

**■ इस घटना पर भाजपा के प्रवक्ता निखिल आनंद ने ट्वीट में लिखा है- ''आदरणीय लालूजी स्वस्थ- सुरक्षित रहें हमारी कामना है। उनको छोड़िए। युवराजों के पैर में भी चप्पल है। लेकिन दिलचस्प है किएआईएमआईएम के 4 मुसलमान विधायकों को राजद में लाया गया तो उनको चप्पल उतरवाकर घर में बुलाया गया। अभी तो नाक रगड़ना और जूते घिसना बाकी है।''**

## मैडिकल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मन्त्रालय चिन्तित है, क्योंकि भारत क्वालिफायड डॉक्टरों की कमी से पहले ही जूझ रहा हैं।

पूरे देश में, कुल मिलाकर 91000 एम.बी.बी.एस. सीटें तथा 42000 पीजी सीटें हैं। पीजी पाठ्यक्रमों में जो सीटें नहीं भरी गई हैं, उनमें 930 सीटें सुपर स्पैशिएलिटी कोर्सों की हैं, जो अब भरी जा रही हैं। स्वास्थ्य मन्त्रालय के सूत्रों ने कहा है कि, प्रबन्धन कोटा की बहुत सी सीटें इसलिये नहीं भरी गई हैं क्योंकि मैडिकल कॉलेज प्रवेश के लिये बहुत अधिक पैसे (प्रीमियम) की माँग करते हैं।

# होटल व अस्पताल के रुम व पैकेज्ड अनाज, तेल, मिल्क प्रोडक्ट और महंगे होंगे

## जी.एस.टी. काउंसिल की बैठक में इन वस्तुओं पर जी.एस.टी. 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का फैसला किया गया

नई दिल्ली, 29 जून (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा-कर (जीएसटी) परिषद ने बुधवार को दरों को युक्तिसंगत करने और उल्टे शुल्क ढांचे की शिकायतें दूर करने के लिए कई वस्तुओं पर कर में बदलाव किया और कुछ वस्तुओं और सेवाओं पर छूट वापस लेने का फैसला किया।

इन निर्णयों से बिना ब्रांड के पैकेज्ड अनाज, खाद्य तेल, दुग्ध उत्पाद, होटल और अस्पतालों के कमरे तथा चाकू, पेंसिल शार्पनर और चम्मच-कांटा आदि महंगा हो जाएगा।

सर्वाधिकार सम्पन्न जीएसटी परिषद की आज चंडीगढ़ में सम्पन्न दो दिवसीय बैठक में संशोधित जीएसटी की दरें अब 18 जुलाई से लागू हो जाएंगी।

बैठक की जानकारी देते हुए परिषद की अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि परिषद ने कई वस्तुओं पर जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) को संशोधित करने की सिफारिश की है।

बैठक के बाद जारी सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार नये निर्णयों से चाकू, कागज के चाकू, पेंसिल शार्पनर, चम्मच, कांटे, करछुल, स्किमर्स और केक-सर्वर पर जीएसटी की दर 12 से बढ़कर 18 प्रतिशत हो जाएगी।

इसी तरह बीजों, अनाज और दालों की सफाई, छँटाई या ग्रेडिंग की मशीनों, अनाज मिलों में प्रयुक्त मशीनरी, पवन चक्की और वेट ग्राइंडर पर कर की दर पांच प्रतिशत की जगह 18 लागू होगी।

इस निर्णय से होटल के अपेक्षाकृत सस्ते कमरों पर जीएसटी लागू होने से ये कमरे महंगे होंगे। अब 1,000 रुपये प्रतिदिन से कम के किराए वाले होटल कक्ष के लिए 12 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। इसी तरह प्रति मरीज 5,000 रुपये प्रतिदिन से अधिक के अस्पताल के कमरे का किराया (आईसीयू को छोड़कर) पांच प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आएगा और इस पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिलेगा।

जीएसटी परिषद ने बैंक चेक पर कर छूट को वापस लेने और 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने का भी फैसला किया। मानचित्र और हाइड्रोग्राफिक या सभी प्रकार के समान चार्ट, जिनमें एटलस, वॉल मैप, स्थलाकृतिक योजना वाले मानचित्र और ग्लोब पर जीएसटी की छूट खत्म की जा रही है और इन पर 12 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा।

विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत की रियायती जीएसटी दर से जीएसटी लगेगी, भले ही बैटरी पैक से सुसज्जित हैं या नहीं। विज्ञप्ति के अनुसार, कंपोजीशन करदाताओं को कुछ शर्तों के अधीन ई-कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से राज्य के भीतर आपूर्ति करने की अनुमति होगी।

कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि दरों में बढ़ोतरी से कुछ हद तक मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ेगा लेकिन यह कदम सही दिशा में था। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर प्रतीक जैन ने कहा, अलग-अलग मदों पर दरों में बढ़ोतरी पर हमेशा दो नजरिए होंगे लेकिन जीएसटी परिषद का फैसला सही है क्योंकि यह उल्टे कर ढांचे की शिकायत दूर करता है और इसमें छूट करने का प्रयास करता है।

**■ इसके अतिरिक्त चाकू, पैंसिल शॉर्पनर, चम्मच-कांटा, इसी तरह बीजों, अनाज और दालों की सफाई, छँटाई या ग्रेडिंग की मशीनों, अनाज मिलों में प्रयुक्त मशीनरी, पवन चक्की और वेट ग्राइंडर पर कर की दर पांच प्रतिशत की जगह 18 लागू होगी।**

## मुकेश अंबानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तुत हुये सॉलिस्टर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकान्त तथा जमशेद बी पर्दीवाला की बैंच को बताया कि, मुम्बई में अम्बानी परिवार को दी गई सुरक्षा का विषय त्रिपुरा उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में आता ही नहीं हैं।

अब इस प्रकरण की सुनवाई अगले महीने होने की सम्भावना है।

मेहता ने सोमवार को बैंच से कहा था कि, त्रिपुरा उच्च न्यायालय की जानकारी में यह लाया जा चुका है कि, बम्बई उच्च न्यायालय इसी प्रकार की एक याचिका को खारिज कर चुका है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा उच्च न्यायालय का इस पी.आई.एल. से कोई लेना देना ही नहीं था क्योंकि यह उसके क्षेत्राधिकार से बाहर की चीज थी।

केन्द्र ने कहा कि, उच्च न्यायालय ने यह आदेश एक ऐसे व्यक्ति द्वारा दायर की गई पी.आई.एल. पर दिया, जिसकी इस मामले में कोई अधिकारिता (लोकस स्टैन्डाई) ही नहीं थी। वह मात्र अनावश्यक दखलंदाजी करने वाला व्यक्ति था, जो स्वयं को विद्यार्थी एवं सोशल ऐक्टिविस्ट बता रहा था।

सॉलिसिटर जनरल ने कहा, ''सादर निवेदन है कि, पूरी तरह से भ्रान्त, सारहीन तथा अभिप्रेरित (मोटिवेटेड) पी.आई.एल. याचिका, जिसमें किसी मौलिक अधिकार के उल्लंघन की बात तक नहीं कही गई है, में माननीय उच्च न्यायालय ने एक ऐसे निर्णय की न्यायिक समीक्षा के क्षेत्राधिकार में काम किया है, जो निर्णय सार्वजनिक व्यवस्था तथा व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से सम्बन्धित, विशेषज्ञों द्वारा लिया गया था।''

केन्द्र ने दलील दी कि उच्च न्यायालय की जानकारी में यह बात भी लाई गई थी कि, सुरक्षाबलों द्वारा प्राप्त की गई खतरे एवं आंशका की रिपोर्ट के आधार पर, मुकेश अम्बानी को 2013 में ''ज़ैड प्लस'' सुरक्षा प्रदान की गई थी तथा प्रतिवादी नीता अम्बानी को 2016 में ''वाय प्लस श्रेणी'' का सुरक्षा कवर दिया गया था। केन्द्र ने आगे कहा, ''उच्च न्यायालय को यह भी बता दिया गया था कि, प्रतिवादी नं. 2 तथा 3 को ये दोनों सुरक्षा कवर, गुप्तचर तथा जाँच-पड़ताल इकाइयों से प्राप्त सूचनाओं एवं आकलन रिपोर्ट के आधार पर दिया गया था तथा इस प्रकार का सुरक्षा कवर दिये जाने का पूरा खर्चा दोनों ही संदर्भित प्रतिवादी विधिवत वहन कर रहे थे।

## उदयपुर घटना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ ही खुफिया एजेंसियों में खलबली मच गई थी, क्योंकि जिस तरीके से कन्हैयालाल को मारा गया, वह तालिबान या आईएसआईएस का तरीका था। इस घटना के बाद आरोपियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर अपने मंसूबे साफ कर दिए थे, जिस तरह से तालिबानी दहशत फैलाते हैं।

इस घटना के बाद उदयपुर आई एनआईए टीम की जांच में गौस और रियाज के पाकिस्तानी कनैक्शन के पुख्ता सबूत मिले हैं। बताया जाता है कि इन दोनों ने कराची से लौटने के बाद उदयपुर में युवाओं को भड़काना शुरू कर दिया था। घटना को लेकर टीम ने उदयपुर में कन्हैयालाल की दुकान पर काम करने वाले कारीगर राजकुमार से भी पूछताछ की है। अब तक की जांच के अनुसार रियाज पाकिस्तान में कराची के एक मौलाना के संपर्क में था और जिस तरह से कन्हैयालाल का मर्डर किया गया है, वह पूरी तरह से सोची समझी साजिश का हिस्सा था। दोनों मिलकर इस तरीके से समाज मे दहशत फैलाना चाहते थे। इसी के चलते कराची से लौटने के बाद रियाज और गौस मौहम्मद ने वॉट्सऐप ग्रुप बनाए थे। इस ग्रुप के जरिए ही रियाज भड़काऊ वीडियो भेजकर युवाओं का ब्रेन वॉश कर रहे थे।

## पाकिस्तान को आशा की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है, कीमतें बढ़ रही हैं और प्रतिदिन जिन वस्तुओं की आवश्यकता होती है उन सब की बेहद कमी है।

पाकिस्तान अब अपनी आधारभूत जरूरतों को सऊदी अरब के उदार दान से थोड़ा बहुत पूरा कर सकता है और उसके द्वारा दिए गए एक बड़े ऋण का धन पहले ही खर्च हो चुका है, इसलिए सऊदी अरब से अगला ऋण मिलना भी असंभव लगता है।

अब ऐसा लगता है कि, कुछ मदद मिल सकती है। देश ने 6 मिलियन डॉलर के अवरूद्ध कर दिए गए अपने ''बेल आउट पैकेज'' में से कम से कम 1 बिलियन डॉलर का फण्ड तुरन्त प्रभाव से जारी करने के लिए इन्टरनैशनल मॉनिटरी फण्ड (आई.एम.एफ.) से बातचीत शुरु कर दी है। तथापि आई.एम.एफ. ने किसी तरह का फण्ड देने से पूर्व कठोर शर्तें लगाई हैं।

फण्ड जारी करने की आई.एम.एफ. की सबसे महत्वपूर्ण पहली पूर्व शर्त है कि, देश में मौजूद व्यापक भ्रष्टाचार पर निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की जाए क्योंकि भ्रष्टाचार के कारण सार्वजनिक धन निजी लोगों के जेबों में जा रहा है।

पाकिस्तान के हाल ही सत्ताच्युत किए गए प्रधानमंत्री इमरान खान ने बार-बार कहा था कि, परम्परागत राजनीतिक दलों के शासन में हुए निरंकुश भ्रष्टाचार ने ही पाकिस्तान को आर्थिक दलदल में धकेला।

संयोगवश, पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री के भाई नवाज़ शरीफ़ पर व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते रहे हैं तथा उन्हें देश के किसी भी निर्वाचित पद पर चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जा चुका है।

विश्वास मत में इमरान खान की सत्ता से बेदखली के बाद नए प्रधानमंत्री बने, शाहबाज शरीफ़ ने कुछ जरूरी चीज़ों का आयात करने और अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्रदान करने के लिए आई.एम.एफ. के साथ ताजा बातचीत शुरु की है।

आई.एम.एफ. की अन्य शर्तों में पैट्रोलियम उत्पादों पर कम से कम 50 रूपए प्रति लीटर टैक्स लगाकर इसकी खुदरा कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी करना, 43,600 करोड़ पाकिस्तानी रूपयों का अतिरिक्त कर संग्रहण और बिजली के बिलों में वृद्धि करना शामिल है।

गिरती अर्थव्यवस्था और विश्वसनीयता में तेजी से आई कमी के कारण पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों से फण्ड्स नहीं जुटा पा रहा है। इसके अतिरिक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज़ के निर्माण में चीन के बड़े निवेश के कारण पाकिस्तान पर चीन का भारी कर्ज है। इन फैसिलिटीज़ के प्रोजैक्ट इतने बड़े हैं कि देश इनका आर्थिक उपयोग करने के लिए समर्थ नहीं है।

इन प्रोजैक्ट्स में से, अरब सागर तट पर बनने वाला गवादार पोर्ट प्रोजैक्ट है। चीन अरब सागर में अपनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इसे एक मिलिटरी बेस के रूप में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहा है। ये प्रोजैक्ट्स वाणिज्यिक स्तर पर कोई लाभ नहीं दे रहे हैं।

चूंकि इन मंहगी फैसिलिटीज़ का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है, इसलिए इनकी वित्तीय लागत ही पाकिस्तान के ऋणों का भार बढ़ा सकती है।

इनमें से एक भी प्रोजैक्ट ऐसे देश में लोकप्रिय नहीं हो सकता, जिसकी महंगाई दर दोहरे अंकों में है और जहां आर्थिक व्यवधान हैं।

**■ पर, मूल बात है, चीन द्वारा पाकिस्तान में लगवाए इन्फ्रास्ट्रक्चरल प्रोजैक्टस के लिये चीन से मिले उधार की अदायगी। जैसे कि, गवादार बंदरगाह जैसे प्रोजैक्ट, जिनका कोई इकोनॉमिक रिटर्न फिलहाल मिलने की कोई संभावना नहीं।**

## गुरूवार को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सकेंगे। इस दौरान रैली, सभा, जुलूस-प्रदर्शन पर रोक रहेगी। इसकी पूर्व अनुमति संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट से लेनी जरूरी होगी। जिले की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति हथियार लेकर नहीं चल सकेगा। सिर्फ सिख समाज के लोगों को कृपाण धारण करने की छूट होगी।

# 63 हजार ग्रामीण सहकारिता इकाइयों का कम्प्यूटरीकरण किया जायेगा

## सरकार का अनुमान है कि, इससे सीधे तौर पर 13 करोड़ किसान लाभान्वित हो सकेंगे

नई दिल्ली, 29 जून (वार्ता)। देश में कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास और सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए 63 हजार प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) का कम्प्यूटरीकरण किया जायेगा तथा इसके लिए प्रत्येक समिति पर लगभग चार लाख रुपये खर्च किये जायेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। कुल 2516 करोड़ रुपये की लागत से पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जायेगा जिससे 13 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों में ज्यादातर छोटे और सीमांत हैं। इससे पैक्स को पंचायत स्तर पर नॉडल डिलीवरी सेवा केन्द्र के रूप में तैयार करने में मदद मिलेगी।

डाटा स्टोरेज के साथ क्लाउड आधारित एकीकृत साफ्टवेयर,साइबर सुरक्षा, हार्डवेयर, मौजूदा अभिलेखों का डिजिटलीकरण,अनुरक्षण और प्रशिक्षण इसके मुख्य घटक हैं।

सहकारिता मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि पंचायत स्तर पर सहकारिता की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए देशभर में अगले पांच वर्ष में तीन लाख प्राथमिक कृषि साख समितियों का गठन किया जायेगा। एक पैक्स के कम्प्यूटरीकरण पर कुल 3.91 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे, इनमें केन्द्र सरकार का हिस्सा 75 प्रतिशत होगा जबकि शेष राशि राज्य और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) उपलब्ध करायेंगे।

पैक्स के कार्य क्षेत्र में व्यापक विस्तार किया गया है और इसके लिए बैंक मित्र भी काम करेंगे।

## राजसमंद में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जानकारी के अनुसार भीम थाने पर ड्यूटी दे रहे कॉन्स्टेबल संदीप चौधरी का किसी धारदार हथियार से गला कटने की सूचना पर जिल जिला पुलिस प्रशासन अल र्ट हो गया और घायल कांस्टेबल को ब्यावर के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने के चल ते ब्यावर से ग्रीन कोरिडोर बनाकर उसे अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल ल ाया गया। जहां पहले से मुस्तैद चिकित्सकों की टीम ने आईसीयू में ले जाकर उसका उपचार शुरू कर दिया। जिला कलैक्टर अंशदीप और पुलि स अधीक्षक विकास शर्मा भी अपने लवाजमें के साथ अस्पताल में मौजूद रहे।

इस दौरान जेएल एन अस्पताल पूरी तरह से पुलि स छावनी बना रहा।

जिला कलैक्टर अंशदीप ने बताया कि अजमेर में किसी तरह की कानून व्यवस्था नहीं बिगड़े इसके लिए धारा 144 लागू की गई है।

# 6 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव होंगे

नई दिल्ली, 29 जून (वार्ता)। देश के 16वें उपराष्ट्रपति का चुनाव छह अगस्त को होगा। चुनाव आयोग ने आज यहां उपराष्ट्रपति चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। कार्यक्रम के अनुसार पांच जुलाई को उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी और उसके बाद से नामांकन प्रारंभ हो जाएगा और नामांकन की आखिरी तारीख 19 जुलाई होगी। उम्मीदवार स्वयं अथवा उनके प्रस्तावक एवं अनुमोदक किसी भी कार्य दिवस में 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 20 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 22 जुलाई तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

यदि आवश्यक हुआ तो शनिवार छह अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना होगी।

मतदान संसद भवन परिसर में होगा। मतदान स्थल पर कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के निर्वाचित 233 एवं मनोनीत 12 सदस्य तथा लोकसभा के निर्वाचित 543 सदस्य मतदान में भाग लेंगे। इस प्रकार से कुल 788 सांसदों का निर्वाचक मंडल होगा।

**■ चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना जारी की।**

# उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा देने का विकल्प अपनाया, फ्लोर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने कहा, ''मैं अप्रत्याशित रूप से सत्ता में आया था तथा मैं उसी तरह से बाहर जा रहा हूँ।

राज्यपाल के आदेश का पूर्वाभास होने के कारण, पूर्व एम.वी.ए. मन्त्री एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले शिवसेना के विद्रोही विधायकों को असम से मुम्बई लाने की व्यवस्था हो चुकी थी। ज्ञातव्य है कि, इन विद्रोही विधायकों ने मुम्बई लौटने की ठाकरे की अपील की अनसुनी कर दी थी। इस बीच ये लोग वोटिंग के लिये गुवाहाटी से आज गोवा आ गये हैं।

एम.वी.ए. गठबंधन सरकार, जो शिवसेना, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) तथा कांग्रेस जैसी विरोधी विचारधारा वाली पार्टियों को एक साथ इसलिए लाई, ताकि भाजपा को अपने पूर्व पार्टनर शिवसेना को अपने नियन्त्रण में रखने से रोका जाये। लेकिन एम.वी.ए. सरकार इस परस्पर सहयोग को लम्बे समय तक नहीं चला पाई।

ऑप्रेरशन ''एम.वी.ए. सरकार को अपदस्थ करो'' 22 जून को शुरू हुआ था, जिसकी पटकथा निरन्तर अपडेट की जा रही थी। यह ऑपरेशन किसी क्राइम थ्रिलर से कम नहीं था, जिसमें खुद को बचाये रखने की कोशिशें भी दिखाई दीं, तो करोड़ों रूपयों का खर्च भी दिखाई दिया, जो सूरत से गुवाहाटी तथा अब गुवाहाटी से गोवा तक की चार्टर्ड उड़ानों तथा इतने दिनों तक 60 लोगों के पंच सितारा होटल में ठहरने पर हुआ होगा।

इस बीच, शक्ति परीक्षण से पहले लिये गये अंतिम निर्णयों में से एक निर्णय के अंतर्गत, शिव सेना के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदलकर ''सम्भाजीनगर'' करने तथा उस्मानाबाद का नाम बदलकर ''धाराशिव'' कर देने का प्रस्ताव पारित कर दिया। नाम बदले जाने की प्रक्रिया को शिव सेना के हिन्दुत्ववादी एजेन्डा को चमकाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इन दो नगरों के नाम बदलने का निर्णय शिव सेना ने ऐसे समय पर लिया है, जब वह एक गंभीर राजनैतिक संकट का सामना कर रही है तथा पार्टी विधायकों के एक बड़े समूह ने पार्टी छोड़ दी है।

टीम ठाकरे ने सर्वोच्च न्यायालय पहुंचकर यह दलीद दी थी कि, राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी का आदेश गैर कानूनी है क्योंकि 16 विद्रोही विधायकों ने अभी तक अपनी संभावित डिसक्वालिफिकेश के नोटिसों का जवाब नहीं दिया है। राज्यपाल द्वारा शक्ति-परीक्षण का आदेश दिये जाने से एक दिन पहले, भाजपा नेताओं ने उनसे भेंट की थी तथा उनसे कहा था कि, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार अपना बहुमत खो चुकी है।

मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में, कोशियारी ने कहा था कि, उन्हें भाजपा तथा अन्य विधायकों के पत्र मिले हैं, जिनमें कहा गया है कि सरकार अब अल्पमत में आ गई है। राज्यपाल ने लिखा था, ''यह स्पष्ट है कि शिव सेना के अधिकांश विधायकों ने स्पष्ट संकेत दे दिये हैं कि वे महा विकास अघाड़ी सरकार से निकलना चाहते हैं। तथा आप अपने विधायकों तथा कार्यकर्ताओं के मन को जीतने के लिये ऐसी कोशिशें कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक नहीं है।''

पत्र में आगे लिखा था, ''इसलिये मुझे विश्वास है कि आप और आपकी सरकार सदन का विश्वास खो चुकी है तथा सरकार अल्पमत में आ गई है।''

गवर्नर ने कहा था कि, शक्ति परीक्षण का लाइव टेलीकास्ट होगा तथा विधानसभा सचिवालय द्वारा एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से सदन की सारी कार्यवाही कैमरे में रिकॉर्ड की जायेगी। कोशियारी ने यह भी कहा, ''स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, इसे सम्पन्न करने के लिये, सदस्यों से कहा जायेगा कि वे वोटों की गिनती के लिये अपनी सीटों पर खड़े हो जायें।''

राज्यपाल द्वारा शक्ति-परीक्षण के आदेश दिये जाने से एक दिन पहले, देवेन्द्र फड़नविस के नेतृत्व में भाजपा नेता उनसे मिले थे तथा उनसे कहा था कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला गठबन्धन बहुमत खो चुका है।

शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि, राज्यपाल ने ''जैट की गति से'' काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा में मतदान कराने का आदेश गैरकानूनी है, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने अभी तक विद्रोही विधायकों के डिसक्वालिफिकेशन के मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया है। शिवसेना का तर्क था ,जिन 16 विधायकों को डिसक्वालिफिकेशन नोटिस दिये गये हैं, वे उस समय तक पटल-परीक्षण में भाग नहीं ले सकते, जब तक अदालत उनकी स्थिति के बारे में निर्णय नहीं दे दे।

करीब 40 शिवसेना विधायक उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर एकनाथ शिन्दे के साथ चले गये हैं, जो पहले तो मुम्बई से सूरत गये थे तथा उसके बाद, सूरत से असम के गुवाहाटी शहर में चले गये थे। उनके साथ विधायकों का वह गुट भी था, जो दिन पर दिन बड़ा होता जा रहा था। गुवाहाटी के एक पंचसितारा होटल में एक सप्ताह तक ठहरने के बाद विद्रोही विधायक विमान से गोवा आ गये, ताकि वे अविश्वास प्रस्ताव के मतदान में भाग ले सकें। ज्ञातव्य है कि गोवा मुम्बई से 600 किमी की दूरी पर है।

शिन्दे ने आज गुवाहाटी में पत्रकारों को बताया, ''हम कल मुम्बई पहुँच जायेंगे। हमारे साथ 50 विधायक हैं हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है। हम पटल-परीक्षण को लेकर बिल्कुल भी चिन्तित नहीं हैं। हम इस परीक्षण में सफल होंगे, हमें कोई नहीं रोक सकता। लोकतन्त्र में बहुमत भी अर्थ रखता है तथा हमारे पास बहुमत है।''

शिन्दे तथा कुछ विद्रोही विधायक आज सुबह ब्रहमपुत्र नदी में होकर असम के मुख्य शहर में स्थित कामाख्या मन्दिर गये थे, जहाँ उन्होंने पत्रकारों को बताया है कि वे कल मुम्बई लौट जायेंगे।

इससे पूर्व, ठाकरे ने डिप्टी स्पीकर से कह दिया था कि वे 16 विधायकों, जिनमें शिन्दे भी शामिल थे, को डिसक्वालिफाई कर दें। इसके बाद विद्रोही गुट सर्वोच्च न्यायालय पहुँच गया था तथा उसने अपने खिलाफ हुई कार्यवाही को गैर कानूनी बताया था। अदालत ने विद्रोही विधायकों को अपनी सम्भावित डिसक्वालिफिकेशन का जवाब देने के लिये 12 जुलाई तक का समय दे दिया था।

शिन्दे का दावा है कि उन्हें करीब 50 विधायकों का समर्थन हासिल है, जिनमें से करीब 40 विधायक शिवसेना से हैं। 287 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आँकड़ा 144 है। शिवसेना, कांग्रेस तथा एन.सी.पी. के सत्तारूढ़ गठबन्धन के पास 152 विधायक हैं। 40 विद्रोही विधायकों के बिना, राज्य सरकार अल्पमत में आ जायेगी।

**राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908